
रोज़ा-1
रमज़ान शरीफ समय
सहरी 05 : 16
इफ़्तार 06 : 23

हिंदी दैनिक
# नागपुर मेट्रो समाचार
BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 | नागपुर, रविवार, 2 मार्च 2025 | अंक 139/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-


शिवशंकर आयुर्वेदिक
क्या आप जीडे के दर्द से परेशान हो ?
• जोड़ों का दर्द • गठियावात • सन्धिशोथ • सरवाइकल पेन
पर Dr. B.A.M.S., M.D. अनुभवी चिकित्सक द्वारा चिकित्सा उपचार किया जाता है।
तथा दमा, अस्थमा, एलर्जी / सभी प्रकार के वात रोग/ लखवा/ स्त्रिरोग/ पुरूष के शुक्राणू दोष/ निसंतान/ किडनी स्टोन/ डायबिटीज से परेशान/ वेट लॉस/ वेट गेन/पिंपल्स/ फ्रेअस्नेस/ स्किन प्रॉब्लेम/ पाईल्स/ एवं अन्य बिमारीयों पर भी उपचार किया जाता है।
नागपूर का भव्य शोरूम महाजन मार्केट के पास, टेम्पल बाजार, सिताबर्डी, नागपूर.
फोन 9112079000 / 8605245080
आयुर्वेदिक दवाईया तथा जडीबुटीयों का विशाल भंडार

## नागपुर के दौरे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

### 30 मार्च को कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में होंगे शामिल



**नागपुर.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मार्च को नागपुर के दौरे पर आने वाले है। जहां वे कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में शामिल होंगे। जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी संघ प्रमुख से भी मुलाकात करेंगे। विधानसभा चुनाव के बाद पहली बार प्रधानमंत्री मोदी नागपुर के दौरा पर आने वाले है। इसी महीने 30 मार्च को प्रधानमंत्री मोदी के नागपुर आने की सूचना है। सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री इस दिन रेशमबाग स्थित आरएसएस के हेडगेवार स्मृति भवन भी जाएंगे। इसके अलावा, प्रधानमंत्री दीक्षाभूमि भी जाएंगे, दीक्षाभूमि बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए एक महत्वपूर्ण स्थल है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नागपुर में एक निजी नेत्र चिकित्सालय का भूमि पूजन करेंगे। ये चिकित्सालय लोगों को बेहतर नेत्र चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी के साथ सरसंघचालक मोहन भागवत भी मौजूद रहेंगे।

# चमोली हादसे में घायल 50 लोगों को बचाया गया, 4 की मौत

**चमोली.**

उत्तराखंड के चमोली जिले के माणा गांव में बीआरओ कैंप पर ग्लेशियर टूटने से चार मजदूर की मौत हो गई, जबकि राहत और बचाव कार्य में जुटीं भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और सेना की टीमों ने 55 में से 50 मजदूरों को बाहर निकाल लिया. भारतीय सेना के पीआरओ लेफ्टिनेंट कर्नल मनीष श्रीवास्तव ने चार लोगों की मौत की पुष्टि की. हालांकि अभी भी सेना और एनडीआरएफ की टीमें बचाव और राहत कार्य में जुटी हुई हैं.



दूसरी ओर, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रभावित क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण किया और अधिकारियों को बचाव अभियान में तेजी लाने का निर्देश दिया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धामी से बात की और उन्हें पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया. दूसरी ओर, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) ने बचाव अभियान के लिए चार टीमें भेजी हैं, जबकि चार और टीमें स्टैंडबाय पर हैं.

खराब मौसम के बावजूद बाकी लोगों को बचाने के प्रयास जारी हैं. अब तक 55 में से 50 मजदूरों को सुरक्षित बचा लिया गया है और भारतीय सेना ने 14 नागरिकों को भी बचाया है. सेना के अनुसार, शुक्रवार सुबह 5:30 से 6 बजे के बीच माणा और बद्रीनाथ के बीच सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के कैंप पर हिमस्खलन हुआ, जिसमें 55 मजदूर ग्लेशियर धसकने से दब गए थे. शुक्रवार को बारिश और बर्फबारी के कारण बचाव कार्य बाधित हुआ और रात होने के कारण अभियान स्थगित कर दिया गया. शनिवार को मौसम साफ होने पर हेलीकॉप्टर अभियान में शामिल हो गए.

दूसरी ओर, मध्य कमान के जीओसी-इन-सी लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता और उत्तर भारत क्षेत्र के जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल डीजी मिश्रा ने चल रहे खोज और बचाव कार्यों की निगरानी, समीक्षा और समन्वय के लिए माना में हिमस्खलन स्थल का दौरा किया. जीवित बचे लोगों का पता लगाने के लिए विशेष रेको रडार, यूएवी, क्वाडकॉप्टर, हिमस्खलन बचाव कुत्ते आदि को सेवा में लगाया गया है. वहीं, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी एन के जोशी ने बताया कि माना स्थित सेना और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के जवानों ने सुबह बचाव अभियान तेजी से चला रहे हैं.

### बचाव कार्य में जुटे सेना के जवान

दूसरी ओर, आवश्यक उपकरण, संसाधन और घायलों को निकालने के लिए हेलीकॉप्टर भी लगातार काम कर रहे हैं. आर्मी कमांडर ने आश्वासन दिया कि विभिन्न एजेंसियों के सहयोग से भारतीय सेना तेजी से बचाव प्रयासों को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक संसाधनों से पूरी तरह सुसज्जित है. मौके पर मौजूद भारतीय सेना के डॉक्टरों ने गंभीर रूप से जरूरतमंद लोगों के लिए जीवन रक्षक सर्जरी की है, जबकि जोशीमठ हेलीपैड से हेलीकॉप्टर संचालन भारतीय सेना विमानन और वायु सेना के आठ हेलीकॉप्टरों का उपयोग किया जा रहा है. अब तक कुल 19 लोगों को माना से जोशीमठ तक पहुंचाया गया है. भारतीय सेना की मध्य कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, उत्तर भारत क्षेत्र के जनरल ऑफिसर कमांडिंग और सीमा सड़क के महानिदेशक समेत उच्च पदस्थ अधिकारी इस अभियान की निगरानी और समन्वय के लिए मौजूद हैं.

# आज का मौसम कहीं बारिश तो कहीं बादल

### > दिल्ली-एनसीआर से लेकर यूपी-बिहार तक मौसम का हाल...

**नई दिल्ली.**

उत्तर भारत में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के कई इलाकों में शनिवार को भारी बारिश हुई, जिससे दिल्लीवासियों को फरवरी के महीने में पड़ रही गर्मी से राहत मिली। इस साल फरवरी में दिल्ली का मौसम अपेक्षाकृत गर्म रहा। दिल्ली में फरवरी का औसत अधिकतम तापमान 26.7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो सामान्य से अधिक था। मौसम विभाग ने बारिश और तेज हवाओं की चेतावनी दी थी। दिल्ली-एनसीआर से लेकर यूपी-बिहार में कहीं कहीं बारिश के आसार हैं। राजस्थान में भी बरसात से पारा नीचे आया है। कश्मीर-हिमाचल में बर्फबारी से जनजीवन प्रभावित हुआ है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और एनसीआर की बात करें तो कई इलाकों में शनिवार को अच्छी बारिश हुई। औसत अधिकतम तापमान 26.7 डिग्री सेल्सियस रहा। न्यूनतम तापमान 16.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 4.1 डिग्री ज़्यादा है। आईएमडी ने रविवार को दिनभर बादल छाए रहने और हल्की बारिश की संभावना जताई। अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। एनसीआर की बात करें तो पूरे हफ्ते मौसम के अलग-अलग रंग देखने को मिलेंगे।



लोनी देहात, हिंडन एयरफोर्स स्टेशन, गाजियाबाद, नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद, मानेसर, बल्लभगढ़ में बारिश हो सकती है। हरियाणा के गन्नौर, सोनीपत, खरखौदा, रेवाड़ी, पलवल और नूंह में भी बारिश की चेतावनी है।


इन इलाकों में 30-50 किमी/घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं, साथ ही बिजली भी गिर सकती है। शनिवार को बारिश की वजह से इन इलाकों में तापमान में गिरावट आई है। आईएमडी ने कहा कि मार्च में भारत में सामान्य से ज्यादा गर्मी पड़ेगी और लू भी चलेगी। आईएमडी के वरिष्ठ वैज्ञानिक डी. शिवानंद पई ने कहा कि मार्च में दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों को छोड़कर पूरे देश में अधिकतम तापमान सामान्य से ज़्यादा रहेगा। दक्षिण प्रायद्वीपीय क्षेत्र में तापमान सामान्य से कम रह सकता है। मार्च के ज़्यादा गर्म रहने का अनुमान इसलिए है क्योंकि फरवरी में 1901 के बाद से सबसे ज़्यादा गर्मी पड़ी। औसत तापमान 22.04 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 1.34 डिग्री ज़्यादा है।

# बजट का लक्ष्य कृषि क्षेत्र को ज्यादा समृद्ध बनाना है: पीएम



**नई दिल्ली.** संसद में केंद्रीय बजट पेश होने के बाद सरकार कई चर्चाओं की श्रृंखला को आयोजित करती है। इन चर्चाओं को पोस्ट बजट वेबिनार कहते हैं। 1 मार्च को पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कृषि और ग्रामीण समृद्धि पर बजट के बाद आयोजित होने वाले वेबिनार को संबोधित किया है। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि बजट 2025-26 सरकार की नीतियों में निरंतरता और विकसित भारत के विजन का मिले नए विस्तार को दर्शाता है। इस दौरान उन्होंने बजट से पहले सभी हितधारकों से मिले इनपुट और सुझावों को स्वीकार किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य के प्रति हमारा संकल्प बहुत साफ है और हम सब मिलकर एक ऐसे भारत का निर्माण कर रहे हैं, जहां किसान समृद्ध और सशक्त हों। उन्होंने बताया कि हमारा प्रयास यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी किसान पीछे न छूटे और हर किसान को आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि कृषि को विकास का पहला इंजन माना जाता है। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत एक साथ दो प्रमुख लक्ष्यों की दिशा में काम कर रहा है। ये दो लक्ष्य कृषि क्षेत्र का विकास और गांवों की समृद्धि है। प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि छह साल पहले लॉन्च की गई पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को करीब 3.75 लाख करोड़ रुपये दिए गए हैं.

## 4 डीएसपी समेत 25 पुलिस अधिकारी और कर्मचारी सस्पेंड



**चंडीगढ़.**

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने प्रदेश में पेपर लीक पर बात करते हुए कहा कि पेपर लीक नहीं, आउट हुआ है। इस बारे में सभी डीसी और एसपी को जरूरी निर्देश जारी कर दिए हैं। 4 बाहरी व्यक्तियों और 8 पेपर देने वाले बच्चों पर एफआईआर की गई है। सीएम ने कहा कि मामले में लापरवाही बरतने बरतने वाले 25 पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों को सस्पेंड करने के आदेश दिए गए हैं, जिसमें चार डीएसपी और तीन एसएचओ भी शामिल हैं।

# दिल्ली सरकार: पुराने वाहनों को नहीं मिलेगा पेट्रोल

### हाई राइज बिल्डिंग्स को लगानी

**नई दिल्ली.**

पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने शनिवार को कई बड़ी घोषणाएं कीं. इसके मुताबिक दिल्ली सरकार 31 मार्च के बाद शहर भर के पेट्रोल पंप और सीएनसी स्टेशनों पर 15 साल से ज़्यादा पुराने वाहनों को ईंधन देना बंद कर देगी. राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण से निपटने के उपायों पर चर्चा करने के लिए अधिकारियों के साथ बैठक के बाद सिरसा ने कहा कि सरकार वाहनों से होने वाले उत्सर्जन और प्रदूषण को रोकने के लिए कड़े कदम उठा रही है.



बैठक में पुराने वाहनों पर प्रतिबंध, अनिवार्य एंटी-स्मॉग उपाय और इलेक्ट्रिक सार्वजनिक परिवहन में बदलाव सहित प्रमुख नीतिगत निर्णयों पर ध्यान केंद्रित किया गया. बैठक के बाद सिरसा ने कहा, "हम पेट्रोल पंपों पर गैजेट लगा रहे हैं जो 15 साल से ज़्यादा पुराने वाहनों की पहचान करेंगे और उन्हें कोई ईंधन नहीं दिया जाएगा." उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार इस फ़ैसले के बारे में केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय को सूचित करेगी. पुराने वाहनों को ईंधन की आपूर्ति को प्रतिबंधित करने के अलावा, सिरसा ने घोषणा की कि राजधानी में सभी ऊंची इमारतों, होटलों और वाणिज्यिक परिसरों में वायु प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए एंटी-स्मॉग गन लगाना अनिवार्य है. इसके अलावा, उन्होंने कहा कि दिल्ली में लगभग 90 प्रतिशत सार्वजनिक सीएनजी बसों को दिसंबर 2025 तक चरणबद्ध तरीके से हटा दिया जाएगा और उनकी जगह इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएंगी, जो सरकार के स्वच्छ और टिकाऊ सार्वजनिक परिवहन की दिशा में उठाए गए कदम का हिस्सा है. यह घोषणाएं शहर के निवासियों के लिए एक बड़ी चुनौती वायु प्रदूषण से निपटने के लिए दिल्ली के व्यापक प्रयासों के हिस्से के रूप में की गई हैं. उन्होंने पूर्व के आप सरकार पर निशाना साधा और कहा कि पिछली सरकार ने प्रदूषण को कम करने के लिए कोई भी कम नहीं उठाया. केंद्र सरकार की तरफ से जो भी फंड दिया गया उनका भी इस्तेमाल नहीं किया गया था. दिल्ली में तीन विषय हैं- एक डस्ट प्रदूषण है, एक व्हीकल प्रदूषण है, एक कंस्ट्रक्शन प्रदूषण है.

## एआईएमआईएम के 67वें स्थापना दिवस पर ओवैसी ने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा

**हैदराबाद.**



ऑल इंडिया मजलिस -ए- इत्तेहादुल मुस्लिमीन का 1 मार्च 67वां स्थापना दिवस है. इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने हैदराबाद स्थित सेंट्रल ऑफिस से कार्यकर्ताओं को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर खूब निशाना साधा. पीएम मोदी से लेकर सीएम योगी तक उनके टारगेट पर रहे. उन्होंने मंदिर-मस्जिद विवाद से लेकर हालिया मुद्दों पर भी अपनी बात रखी. मंदिर -मस्जिद विवादों पर अपनी बात रखते हुए ओवैसी ने कहा, 'ये लोग चार सौ साल पहले की मंदिर तोड़ने की बात करते हैं, इनसे पूछिए कि शुंग वंश के शासक पुष्यमित्र आपके बड़े अब्बा थे या नहीं? उन्होंने कई बौद्ध मठों को तोड़ा. उन पर मूवी क्यों नहीं बनवाते? चोला वंश और पल्लव राजाओं ने और चालुक्य काल में कई मंदिरों को तोड़ा गया, उस पर भी फिल्में बनवाओ. मुझे क्या करना है मुगलों से? वो क्या मेरे अब्बा या नाना थे? बादशाहों का कोई मजहब नहीं होता.' 'शिवाजी का जनरल मुस्लिम था', छत्रपति शिवाजी के संबंध में भी उन्होंने अपनी बात रखी. उन्होंने कहा, 'शिवाजी के बारे में मोदी ने सिनेमा को प्रमोट किया. अगर आपको मराठाओं से मोहब्बत है तो उनको रिजर्वेशन दो. उन्हें तो यह तक नहीं पता कि शिवाजी के दादा को जब औलाद नहीं हो रही तो वो आरके दरगाह पर गए थे. तब जाकर उनको दो औलाद हुईं. शिवाजी के सेना का जनरल, नेवी का हेड और वित्त मंत्री भी मुसलमान था. मुगलों की फौज में हिंदू थे.' असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, 'उत्तर प्रदेश के सीएम कहते हैं कि उर्दू पढ़ने से कठमुल्ला बनते हैं, जाहिर हैं उन्हें उर्दू नहीं आती पर वो साइंटिस्ट क्यों नहीं बने इसका जवाब वो ही दे सकते है.

# 'ऐसी घटनाएं कहीं नहीं होनी चाहिए', पुणे रेप केस पर बोले डिप्टी सीएम अजित पवार

**मुंबई.**



पुणे रेप केस के आरोपी को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया. आरोपी की गिरफ्तारी के लिए ड्रोन, खोजी कुत्तों, 13 टीमों और अन्य खुफिया विभाग की मदद ली गई थी. इसी बीच महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार का बयान आया है. उन्होंने कहा कि गुरुवार तक लोग सवाल उठा रहे थे कि उसे गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया. वह धान के खेत में छिपा हुआ था. हमने उसे पकड़ने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया. उसकी स्थिति ऐसी थी कि उसने आत्महत्या करने की कोशिश की. डिप्टी सीएम अजित पवार ने कहा कि मैं इस बात पर अड़ा हुआ हूं कि ऐसी घटनाएं कहीं नहीं होनी चाहिए. अब मामले की सही तरीके से जांच करवाने की कोशिश की जा रही है. विस्तृत जांच के बाद तथ्य सामने आने दें. सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी.

मंगलवार की सुबह खाली बस के अंदर 26 वर्षीय महिला के साथ बलात्कार करने के बाद भाग रहे दत्तात्रेय रामदास गाडे को गुरुवार आधी रात के करीब ड्रोन और खोजी कुत्तों की मदद से पुणे जिले के शिरुर तहसील के अंतर्गत उसके पैतृक गांव गुनात के पास फसलों से भरे एक खेत में ट्रैक किया गया. तलाशी अभियान में थर्मल इमेजिंग कैमरों से लैस ड्रोन का भी इस्तेमाल किया गया था. जिसकी वजह से पुलिस उस खेत की हवाई तस्वीरें देखने में सक्षम हुई, जहां वह छिपा हुआ था. उसे गिरफ्तार करने के बाद पुणे सत्र न्यायालय में पेश किया गया. जहां से उसे 12 मार्च तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया. दत्तात्रेय रामदास गाडे के वकील वाजिद खान ने दावा किया कि महिला खुद खड़ी बस के अंदर गई और "आपसी सहमति से शारीरिक संबंध स्थापित हुए. वहीं, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया. पुलिस ने कहा है कि आरोपी की गर्दन पर एक निशान पाया गया है, जिससे संदेह है कि उसने आत्महत्या का प्रयास किया होगा. एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि आरोपी को सुबह 2 बजे पुणे शहर लाया गया. उसे मेडिकल जांच के लिए भेजा गया और औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया. आरोपी पर आधा दर्जन आपराधिक मामले दर्ज हैं. एक अन्य अधिकारी ने कहा कि तकनीक का उपयोग करने के अलावा, तलाशी अभियान के तहत 13 पुलिस टीमों को तैनात किया गया था, लेकिन आरोपी को पकड़ने में खुफिया

## कस्टम विभाग में नौकरी लगवाने का दिया झांसा


**मुंबई.**

महाराष्ट्र के पालघर में नौकरी के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है. पुलिस का कहना है कि आरोपियों ने चार लोगों को कस्टम विभाग में नौकरी दिलाने का झांसा दिया और उनसे 12.2 लाख रुपये ठग लिए. शिकायत के आधार पर पुलिस ने इस मामले में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. आरोपी योगेश मनवर ने साल 2022 से मार्च 2023 के बीच चार लोगों से संपर्क किया और उन्हें कस्टम विभाग में सरकारी नौकरी का झांसा दिया. नौकरी की उम्मीद में इन लोगों ने आरोपी को कुल 12.2 लाख रुपये दे दिए. आरोपी ने पीड़ितों को फर्जी आईडी कार्ड और जाली दस्तावेज भी दिए, जिससे उन्हें लगा कि वे सच में कस्टम विभाग में भर्ती हो चुके हैं. शुरुआत में पीड़ितों को लग रहा था कि उन्हें जल्द कस्टम विभाग में नियुक्ति मिल जाएगी, लेकिन महीनों बीतने के बाद भी जब नौकरी का कोई अता-पता नहीं लगा और आरोपी ने पैसे भी वापस नहीं किए, तब उन्हें अहसास हुआ कि उनके साथ धोखाधड़ी हुई है.

# 8 को महिला सम्मान योजना लागू कर सकती है दिल्ली सरकार

**नई दिल्ली.**

दिल्ली सरकार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर महिलाओं के लिए बड़ा तोहफा देने की तैयारी में है। माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और दिल्ली सरकार 8 मार्च को अपने चुनावी वादे के तहत महिला सम्मान योजना के तहत हर महिला को 2500 रुपये देने की घोषणा कर सकती है। भाजपा ने विधानसभा चुनावों के दौरान महिलाओं को यह वादा किया था, और अब चुनावी जीत के बाद इसे पूरा करने का वक्त आ सकता है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने भी इस वादे को लेकर संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा कि 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस है और भाजपा इस दिन महिला सम्मान के कार्यक्रम का आयोजन करेगी, जिसमें इस योजना के तहत महिला सम्मान राशि देने का ऐलान हो सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि यह कदम महिलाओं के सम्मान को बढ़ावा देने के लिए लिया जा रहा है और जल्द ही इस मामले में और जानकारी दी जाएगी। गौरतलब है कि जब दिल्ली की नई विधानसभा का सत्र शुरू हुआ था, तो उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने भी अपने अभिभाषण में महिला सम्मान योजना का उल्लेख किया गया था। उन्होंने कहा था कि दिल्ली की प्रत्येक गरीब महिला को 2,500 रुपये प्रति माह दिए जाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा था कि प्रत्येक गर्भवती महिला को 21,000 रुपये की वित्तीय सहायता और छह पोषण किट दिए जाएंगे।



### महिलाओं के लिए एक बड़ा कदम

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी वादा पूरा करने का भरोसा जताया है। उन्होंने कहा था कि चुनाव के दौरान किए गए वादों को पूरा किया जाएगा, भले ही दिल्ली सरकार का खजाना खाली हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सम्मान योजना को लेकर सरकार कई बैठकें कर चुकी है और जल्द ही इसे लागू किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली को लूटने और झूठे प्रचार करने वालों का जवाब दिया जाएगा। इस योजना के तहत दिल्ली की महिलाओं को एक महत्वपूर्ण वित्तीय सहारा मिल सकता है, जिससे उनके आर्थिक स्थिति में सुधार हो सकता है।

CMYK

# 10,000 एफपीओ बनाने की दिशा में बड़ी सफलता

> किसानों का स्टार्टअप

**नई दिल्ली.**




मोदी सरकार जब से सत्ता में आई है, तब से ही उसका फोकस देश के अन्नदाता पर रहा है. सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य भी रखा है. इसी क्रम में सरकार ने कई कदम भी उठाए हैं. वहीं गरीब किसानों को सरकार 'किसान सम्मान निधि योजना' की मदद से आर्थिक सहायता भी उपलब्ध कराती है. अब सरकार ने 10,000 एफपीओ (फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन) बनाने का टारगेट भी पूरा कर लिया है. आखिर कैसे सरकार की ये योजना देश के किसानों को अमीर बना रही है.

सरकार ने शुक्रवार को जानकारी दी कि देश में 10,000 एफपीओ बनाने का काम पूरा हो चुका है. सरकार ने इस काम को 20 फरवरी 2020 को शुरू किया था और अब करीब 5 साल में इस लक्ष्य को पूरा कर लिया गया है. एफपीओ के गठन और उन्हें प्रमोट करने के लिए केंद्र सरकार ने एक योजना शुरू की थी. इसका बजट वित्त वर्ष 2027-28 तक के लिए 6,865 करोड़ रुपये है.

सरकार ने शुक्रवार को जानकारी दी कि देश में 10,000वां एफपीओ बिहार के खगड़िया जिले में रजिस्टर हुआ है. ये मक्का, केला और धान को लेकर काम करेगा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल में ही इसका उद्घाटन किया है. कृषि मंत्रालय का कहना है कि देश के एग्रीकल्चर सेक्टर के लिए 10,000 एफपीओ का सफलतापूर्वक गठन होना 'एक मील का पत्थर है.

ये देश में एग्रीकल्चर प्रोडक्शन और किसानों की आय को बढ़ाने का काम करता है. वहीं ये ग्रामीण स्तर पर एंप्लॉयमेंट जेनरेशन का भी काम करता है.

### क्यों कहलाते हैं किसानों के स्टार्टअप?

एफपीओ को अगर आप आज के जमाने की भाषा में किसानों का 'खुद का स्टार्टअप' कहें, तो कोई गलत बात नहीं होगी. ये भारत के सफल को-ऑपरेटिव सिस्टम का एक नया उदाहरण है. एफपीओ के तहत किसान आपस में एक ग्रुप बनाकर अपनी उपज या स्थानीय उपज से खुद ही उत्पाद तैयार करते हैं. इसके लिए सरकार उन्हें इक्विटी सहायता और कर्ज दोनों उपलब्ध कराती है. वहीं उनके उत्पादों के लिए बाजार उपलब्ध कराने में भी सरकार मदद करती है.

# म्यूचुअल फंड: आपकी बड़ी रकम से स्थिर आय का रास्ता

**नई दिल्ली.**




काफी लोग ऐसे हैं जिनके पास काफी पैसा है। वह उस पैसे को कई जगह निवेश करते हैं। काफी ऐसी स्कीम हैं जिनमें एक फिक्स रिटर्न मिलता है। इनमें एफडी, एनपीएस आदि शामिल हैं। हालांकि इनसे मिलने वाला रिटर्न काफी कम होता है। वहीं अगर आपके पास एक करोड़ रुपये हैं तो इससे न केवल आप बल्कि आपकी सात पुश्तें भी जिंदगीभर बैठकर खा सकती हैं। लेकिन इसके लिए इस एक करोड़ रुपये को भी सही जगह निवेश करना होगा। इसका सबसे अच्छा तरीका एसडब्ल्यूपी है। जैसे एसआईपी होता है, उसका उलट एसडब्ल्यूपी है। आपको एसडब्ल्यूपी के जरिए किसी म्यूचुअल फंड में एक करोड़ रुपये निवेश करने होंगे। फिर वहां से आप हर महीने अपने खर्चे लायक एक फिक्स रकम निकाल सकते हैं। इसके बाद भी ये एक करोड़ लगातार बढ़ते रहेंगे। धीरे-धीरे यह रकम इतनी बढ़ जाएगी कि सात पुश्तों तो क्या, इसके आगे की पीढ़ी भी घर बैठकर खाती रहेगी। हर म्यूचुअल फंड सालाना कुछ न कुछ रिटर्न देता है। डेटा के मुताबिक सालाना रिटर्न 15 फीसदी या इससे ज्यादा तक मिलता है। जब आप एक करोड़ रुपये किसी म्यूचुअल फंड में निवेश करेंगे तो इस पर भी आपको रिटर्न मिलेगा। जानकारों के मुताबिक एसडब्ल्यूपी में सालाना रिटर्न 8 फीसदी से ज्यादा मानकर नहीं चलना चाहिए। हालांकि रिटर्न इससे ज्यादा मिल सकता है। ऐसे में न केवल आप हर महीने कुछ रकम निकाल सकेंगे, बल्कि आपकी रकम भी बढ़ती जाएगी।

एसडब्ल्यूपी के दौरान आपको इस बात का ध्यान रखना होगा कि वर्षों तक के लिए आप हर महीने बहुत ज्यादा रकम नहीं निकाल सकते। मान लें कि कोई म्यूचुअल फंड 8 फीसदी सालाना रिटर्न दे रहा है। इसमें एक करोड़ रुपये निवेश करके आप हर महीने 50 हजार रुपये जिंदगीभर निकाल सकते हैं। अगर आप 30 साल तक 50 हजार रुपये महीने निकालते हैं तब भी 30 साल बाद भी आपकी यह रकम बढ़कर 3 करोड़ रुपये से ज्यादा की बचेगी। चूंकि आपके पास अभी 3 करोड़ रुपये हैं। आप चाहें तो जिंदगीभर हर महीने 50 हजार या इससे ज्यादा की रकम और ले सकते हैं। मान लें कि आप ये 30 करोड़ रुपये अपने बच्चों के लिए छोड़ जाते हैं। 30 साल बाद महंगाई बढ़ेगी। साथ ही म्यूचुअल फंड का रिटर्न भी बढ़ने की उम्मीद रहेगी। अगर आपकी पीढ़ी उन 3 करोड़ रुपये को किसी ऐसे म्यूचुअल फंड में निवेश करती है जो 10 फीसदी सालाना का रिटर्न दे रहा हो। तो ऐसे में आपकी वह पीढ़ी 30 साल तक एक लाख रुपये महीने निकाल सकती है। इसके बाद भी ये 3 करोड़ रुपये बढ़कर 30 करोड़ रुपये से ज्यादा हो चुके होंगे। ऐसे ही अगली पीढ़ी भी इस रकम का इस्तेमाल कर सकेगी।

# एलपीजी सिलेंडर के दाम में इजाफा

**नई दिल्ली.**



होली से पहले तेल कंपनियों ने एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में इजाफा कर दिया है. शनिवार 1 मार्च को एलपीजी सिलेंडर के नए रेट जारी किए गए हैं, जिसमें 19 किलो वाले कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम में बढ़ोतरी की गई है. दिल्ली से लेकर कोलकाता तक 19 किलो वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में 6 रुपये की बढ़ोतरी की गई है. हालांकि 14.2 किलो वाले रसोई गैस सिलेंडर के दाम में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है. इसके दाम स्थिर बने हुए हैं, जिसका मतलब है कि इस बढ़ोतरी से आम आदमी पर असर नहीं होगा. इंडियन ऑयल के पोर्टल पर दिए गए आंकड़ों के मुताबिक मार्च में कॉमर्शियल का दाम सबसे अधिक 2023 में बढ़ा था, वहीं पिछले महीने बजट वाले दिन 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में 7 रुपये की कमी आई थी, जो इस महीने 6 रुपये बढ़ा दी गई है. एक वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली में 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत अब 1803 रुपये हो गई है, जो फरवरी में 1797 रुपये थी और जनवरी में 1804 रुपये थी. वहीं मुंबई में कमर्शियल सिलेंडर का प्राइस 1755.50 रुपये हो गया है. फरवरी में यह 1749.50 रुपये था और जनवरी में इसकी कीमत 1756 रुपये थी.

**1 अगस्त से नहीं बदले दाम :** पिछले साल अगस्त 2024 में रसोई गैस 14.2 किलो वाले सिलेंडर के प्राइस में बदलाव हुआ था. उसके बाद से एलपीजी रसोई गैस सिलेंडर के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ है.आईओसीएल के मुताबिक, दिल्ली में रसोई गैस सिलेंडर का भाव 803 रुपये है. मुंबई में यह कीमत 802.50 रुपये, कोलकाता में इसकी कीमत 829 रुपये और चेन्नई में रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 818.50 रुपये है.

# रूस-यूक्रेन युद्ध और ग्लोबल इकोनॉमी

> भविष्य में कितनी बड़ी गिरावट हो सकती है?

**नई दिल्ली.**




जब से रूस और यूक्रेन के बीच वॉर शुरू हुई है, उसका ग्लोबल इकोनॉमी पर काफी गहरा असर देखने को मिला है. साल 2021 के मुकाबले साल 2023 में दुनिया की इकोनॉमी आधी रह गई थी. जिसका सबसे बड़ा कारण कोविड के अलावा रूस यूक्रेन वॉर भी रहा. वास्तव में रूस यूक्रेन वॉर के दौरान पूरी दुनिया को दोतरफा नुकसान झेलना पड़ा. पहला यूक्रेन से होने वाले एग्रीकल्चरल प्रोडक्ट्स की सप्लाई एक तरह से बंद हो गई. वहीं दूसरी ओर रूस पर लगे प्रतिबंधों की वजह से यूरोप ही नहीं बल्कि ब्रिटेन और दुनिया के बाकी हिस्सों में गैस और तेल की सप्लाई में सेंध लग गई. जिसकी वजह से इंटरनेशनल मार्केट में कच्चे तेल की कीमतों में इजाफा देखने को मिला.

इन तमाम कार्रवाईयों के बाद भारत या अमेरिका और यूरोप ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया महंगाई की चपेट में आ गई. जिसकी वजह से दुनिया की तमाम बड़ी इकोनॉमीज की ओर महंगाई को कंट्रोल करने के लिए अग्रेसिवली तरीके से ब्याज दरों में इजाफा करना शुरू कर दिया. जिसकी वजह से ग्लोबल इकोनॉमी पर काफी नेगेटिव इंपैक्ट दिखाई दिया. अब जब महंगाई के आंकड़े एक बार फिर से कम हुए हैं. साथ दुनिया के बड़े देशों के सेंट्रल बैंकों की ओर ब्याज दरों में कटौती इकोनॉमी को बूस्ट करने सिलसिला शुरू कर दिया है. उसके बाद फिर से यूक्रेन और रूस के बीच वॉर तीखा हो चला है. वहीं इस वॉर को रुकवाने के लिए डोनाल्ड ट्रंप भी बीच में कूद गए हैं. जिसके लिए वो यूक्रेन के साथ मिनरल्स डील करना चाहते हैं. इसके लिए शुक्रवार को जेलेंस्की और ट्रंप के बीच बात जरूर हुई, लेकिन बेनतीजा रही. ऐसे में एक बार फिर से शंका बढ़ गई है कि रूस और यूक्रेन के बीच ये वॉर और भी तेज हो सकता है. जिसकी वजह से ग्लोबल इकोनॉमह हैंपर होती हुई दिखाई दे सकती है. आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर पिछली बार इस वॉर की वजह से ग्लोबल इकोनॉमी को कितना हुआ था और आगे वाले दिनों में कितना और नुकसान होने की संभावना है.

### दुनिया में छा गया था महंगाई का दौर

साल 2022 के शुरुआती महीनों में रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध शुरू हो गया था. जोकि पूरी दुनिया के लिए चौंकाने वाली घटना थी. वो इसलिए भी कि दुनिया में रहने वाले इस युद्ध के परिणामों के लिए तैयार नहीं थे. कोविड के दौर से गुजरने के बाद दुनिया के सभी देश और ग्लोबल इकोनॉमी रिवाइवल मोड में चल रही थी. यूक्रेन और रूस दो ऐसे देश हैं जो दुनिया की बड़ी आबादी खाद्य पदार्थ, गैस और तेल सप्लाई करते थे.

## विदेशी कंपनी को 100% हिस्सेदारी बेची

# टाटा का बड़ा कदम

**नई दिल्ली.**



टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा कम्युनिकेशन्स ने अपनी 100 फीसदी स्वामित्व वाली सब्सिडयिरी कंपनी टाटा कम्युनिकेशंस पेमेंट सॉल्यूशंस लिमिटेड को विदेशी कंपनी के हाथों में दे दिया है. अब इस कंपनी की कमान ऑस्ट्रेलियाई फर्म की भारतीय ब्रांच संभालेगी. टाटा की इस सहायक कंपनी को ऑस्ट्रेलिया की डिजिटल पेमेंट और फाइनेंशियल सर्विसेज कंपनी फिन्डी की भारतीय शाखा ट्रांजैक्शन सॉल्यूशंस इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटे ने खरीदा है.

टाटा और ऑस्ट्रेलिया की कंपनी ने टाटा कम्युनिकेशन्स और फिन्डी ने इस डील को लेकर एक संयुक्त बयान जारी किया है, जिसमें बताया गया है कि सभी नियमों का पालन किया गया है. 28 फरवरी 2025 को ट्रांजैक्शन पूरा हो चुका है.

टाटा की कंपनी टाटा कम्युनिकेशन्स ने अब नेटवर्क, क्लाउड, साइबर सिक्योरिटी और मीडिया सर्विसेज जैसे अपने मुख्य बिजनेस पर फोकस करना चाहती है. कंपनी का कहना है कि इन सेक्टर्स में अच्छी ग्रोथ है और यहां उसे बेहतर मुनाफा मिलने की संभावना है. इसी कारण टाटा कम्युनिकेशन ने यह कंपनी बेचा है. टाटा कम्युनिकेशन के सीएफओ कबीर अहमद शाकिर ने कहा, 'यह डील हमारे बिजनेस को और ज्यादा मजबूत करने के लिए किया गया है. हम उन सेक्सर्ट में निवेश करना चाहते हैं, जहां भविष्य की संभावनाएं ज्यादा हैं.'

ऑस्ट्रेलिया की कंपनी के लिए ये डील किसी जैकपॉट से कम नहीं है. इस अधिग्रहण के बाद फिंदी को 4600 से ज्यादा एटीएम का एक बड़ा नेटवर्क मिल जाएगा. साथ ही व्हाइट लैबल एटीएम प्लेटफॉर्म और पेमेंट स्विच जैसी टेक्नोलॉजी का एक्सेस भी मिलेगा. यह डील फिन्डी को अपने 1.8 लाख से ज्यादा व्यापारियों के नेटवर्क में एटीएम लगाने में मदद करेगी. कंपनी के एमडी और सीईओ दीपक वर्मा ने कहा कि यह डील हमें भारत में उन लोगों तो पहुंचने में मदद करेगी, जिनके पास बैंकिंग सुविधाएं सीमित हैं.

# किआरा के साथ स्टेफ्री सिक्योर एक्सएल का नया कैम्पेन लॉन्च

**नई दिल्ली.**



भारत के प्रमुख वुमेन्स मेन्सट्रुअल हाइजीन ब्रांड, स्टेफ्री ने अपने नए कैम्पेन के तहत स्टेफ्री सिक्योर एक्सएल को लॉन्च किया है। इस अभियान में बॉलीवुड अभिनेत्री और ब्रांड एंबेसडर कियारा आडवाणी को शामिल किया गया है। इस नए कैम्पेन में एक सच्चाई को उजागर किया गया है कि महिलाएं पीरियड्स के दौरान असल में असुविधा महसूस करती हैं, लेकिन वे हमेशा इसे सामान्य दिखाने की कोशिश करती हैं।

कियारा आडवाणी इस कैम्पेन में अपने एक्टिंग करियर और पीरियड्स से जुड़ी समस्याओं के बारे में बात करती हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं अंदर से अपनी परेशानी और असहजता को छुपाकर बाहर से सामान्य दिखने की कोशिश करती हैं। इस कैम्पेन के तहत स्टेफ्री सिक्योर एक्सएल के नए पैड में लीकेज और स्किन इरिटेशन की समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए खास तकनीक दी गई है, जिससे महिलाओं को 12 घंटे तक आरामदायक सुरक्षा मिलती है। मनोज गाडगिल, मार्केटिंग और बिजनेस यूनिट हेड, केनव्यू ने कहा कि स्टेफ्री एक्सएल महिलाओं के लिए एक सही समाधान है, जो उनकी पीरियड्स के दौरान सुरक्षा और आराम सुनिश्चित करता है।

कियारा आडवाणी ने भी इस नए पैड को लेकर अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि अब पीरियड्स के दिन भी आरामदायक और सहज महसूस होते हैं। यह कैम्पेन प्रमुख टेलीविजन चैनलों, यूट्यूब और मेटा जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर स्थानीय भाषाओं में प्रसारित किया जाएगा।

# गोल्ड की डिमांड में भारी बढ़ोतरी

**नई दिल्ली.**

गोल्ड के प्राइस ने सबके प्रिडिक्शन को पीछे छोड़ दिया. इसके कीमतों ने एक तरफ तो आसमान को छूआ, वहीं दूसरी तरफ इंडिया ने गोल्ड डिमांड में नया रिकॉर्ड बनाया. इस सप्ताह भारत में सोने की मांग में सुधार देखा गया. यह सामान्य स्तर से कम रही क्योंकि कीमतें रिकॉर्ड उच्च स्तर से नीचे आईं. वहीं व्यापारियों ने चीन में छूट की पेशकश जारी रखी.सोने की मांग अब आनी शुरू हो गई है. ऐसा इसलिए क्योंकि कीमतें गिर रही हैं. कई खरीदार अभी भी इंतजार कर रहे हैं. शुक्रवार को घरेलू सोने की कीमत 84,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के आसपास थी. यह पिछले सप्ताह 86,592 रुपये तक पहुंच गई थी. भारत के व्यापारियों ने इस सप्ताह घरेलू कीमतों पर $12-$27 प्रति औंस की छूट दी.

इसमें 6 फीसदी आयात और 3 फीसदी बिक्री टैक्स शामिल था. यह पिछले सप्ताह की छूट $35 से कम थी. मुंबई में एक बुलियन आयातक बैंक के एक व्यापारी ने कहा कि आपूर्ति सख्त हो रही है. ऐसा इसलिए क्योंकि इस महीने बैंकों द्वारा कोई आयात नहीं हुआ था.भारत का सोने का आयात फरवरी में पिछले साल के मुकाबले 85 फीसदी घटने की संभावना है. यह 20 साल में सबसे कम होगा. चीन में सोने की कीमतें स्पॉट कीमतों से $3 की छूट पर कारोबार कर रही थीं. इसी दौरान जनवरी में हांगकांग के जरिए चीन का कुल सोने का आयात 44.8 फीसदी घटकर अप्रैल 2022 के बाद का सबसे निचला स्तर पर पहुंच गया.

सिंगापुर में सोना $0.50 की छूट और $3 के प्रीमियम के बीच कारोबार कर रहा था. हांगकांग में व्यापारियों ने सोने को $1.8 की छूट और $2.3 के प्रीमियम के बीच बेचा गया है.

# ट्रंप का गोल्ड कार्ड

> 5 ट्रिलियन डॉलर का कारोबार

**नई दिल्ली.**




अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी को गद्दी संभालने के बाद से लगातार ताबड़तोड़ फैसले ले रहे हैं. पहले उन्होंने सरकारी फिजूल खर्च पर रोक लगाने के लिए डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी बनाया. फिर उन्होंने अवैध रूप से अमेरिका में रह रहे लोगों को डिपोर्ट करना शुरू किया और अब वह लेकर आए 'गोल्ड कार्ड' वीजा स्कीम. इस स्कीम से अमेरिका के खजाने में 1 या 2 नहीं बल्कि पूरे 5 ट्रिलियन डॉलर आने की उम्मीद है.

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अब निवेश के आधार पर अमेरिका कर रेजीडेंसी देने की स्कीम पेश की है. यूरोप और कैरिबियाई द्वीप समूह के देशों में ये सिस्टम काफी पॉपुलर है. दुनिया के करीब 100 देश अमीर लोगों को पैसे या निवेश के आधार पर रेजीडेंसी या नागरिकता देते हैं. डोनाल्ड ट्रंप ने ये साफ कर दिया है कि इस स्कीम में लोगों को अमेरिका का पासपोर्ट नहीं मिलेगा, बल्कि ये ग्रीन कार्ड की तरह ही एक तरह का रेजीडेंसी कार्ड होगा. बस इसमें लोगों को उससे ज्यादा सुविधाएं मिलेंगी. डोनाल्ड ट्रंप ने 'गोल्ड कार्ड' के लिए 50 लाख डॉलर की फीस को क्राइटेरिया बनाया है. भारतीय करेंसी में ये रकम करीब 44 करोड़ रुपए बैठती है. 'गोल्ड कार्ड' वीजा स्कीम के पूरे नियम क्या होंगे, इसे कैसे लागू किया जाएगा? इस पर अभी कुछ भी साफ नहीं है. क्या इस फैसले को अमेरिका की संसद से मंजूरी की जरूरत होगी या नहीं और उसे ये अनुमति मिलेगी या नहीं? ऐसे बहुत से सवाल के जवाब अब तक नहीं मिले हैं.


फिर भी एक्सपर्ट इसे एक 'ट्रंप कार्ड' बता रहे हैं. उनका कहना है कि 'गोल्ड कार्ड' अमेरिका के लिए कमाई का एक अच्छा जरिया बन सकता है. खुद डोनाल्ड ट्रंप ने जब अपने ओवल ऑफिस में इस स्कीम का ऐलान किया, तो कहा कि अगर अमेरिका की सरकार 10 लाख लोगों को भी 'गोल्ड कार्ड' वीजा जारी करती है, तो ये अमेरिकी खजाने में पूरे 5 ट्रिलियन डॉलर लेकर आएगा. इससे देश के कर्ज को कम करने में मदद मिलेगी.


डोनाल्ड ट्रंप ने 'गोल्ड कार्ड' को ग्लोबल बिजनेस में टॉप पर बने रहने का भी एक जरिया बताया. उन्होंने कहा कि 50 लाख डॉलर की फीस देकर अमीर लोग और बिजनेसमैन अमेरिका आएंगे. इस तरह दुनिया के देशों का टॉप टैलेंट अमेरिका में बना रहेगा. बिजनेस हाउस ये फीस देकर दुनिया के टॉप टैलेंट को अमेरिका ला सकेंगे, खासकर के आईवी लीग के कॉलेज से पढ़ने वाले स्टूडेंट्स को इसका फायदा मिलेगा. वहीं चीन, जापान और भारत से टॉप टैलेंट को अमेरिका लाने के लिए कंपनियां इस कार्ड को खरीद सकेंगी.








१- श्रद्धा सबुरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लॉटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

प्रविण कडू : 9822472123

# महाविकास आघाडी में विवाद

## > नेता प्रतिपक्ष के मुद्दे पर असहमति



**मुंबई.**

राज्य में 3 मार्च से विधानसभा का सत्र शुरू होने वाला है. इससे पहले यहां नेता विपक्ष का चुनाव होना है. सत्र से पहले नेता प्रतिपक्ष चुनना जरूरी है. इसको लेकर अब महाविकास अघाड़ी के सहयोगी दलों के बीच ही ठन गई है. ऐसा कहा जा रहा है कि उद्धव ठाकरे की शिवसेना, कांग्रेस और एनसीपी में ही आपस में नही बन रही है. गठबंधन के दलों के बीच न बनने के पीछे की सबसे बड़ी वजह विधानसभा मे नेता विपक्ष का पद माना जा रहा है.नेता प्रतिपक्ष के पद को लेकर 28 फरवरी को मातोश्री में उद्धव ठाकरे की पार्टी के चुने गए सभी विधायकों की बैठक हुई. इस दौरान बैठक में कहा गया कि वे नेता प्रतिपक्ष का नाम विधानसभा अध्यक्ष को देंगे. उद्धव की पार्टी की तरफ से विधायक भास्कर जाधव और सुनील प्रभु के नाम की चर्चा हुई. हालांकि इस पर आखिरी सहमति नहीं बन पाई है. नेता प्रतिपक्ष के पद को लेकर महाविकास अघाड़ी मिलकर अपना दावा क्लेम करेगी तब ही ये पद मिल सकता है. लेकिन, अब तक महाविकास अघाड़ी में सहमति नहीं बन पाई है. अगर सभी दल अलग-अलग नेता प्रतिपक्ष का पद मांगते हैं तो मुश्किल है कि उन्हें पद मिले.

विपक्ष के नेता पद के लिए राजनीतिक दलों का ऐसे पीछे पड़ने का एक कारण और है महाराष्ट्र में जल्द नगर निगम,महानगर पालिका और जिला परिषद के चुनाव हैं.ऐसे में जिस पार्टी का नेता विपक्ष बनेगा उसे इन स्थानीय स्वराज संस्थाओं के चुनाव में अपर हैंड मिलेगा ये तय है. सबसे ज्यादा असर उन 16 महानगपालिका में दिखाई देगा जिसमे मुंबई ठाणे, नवी मुंबई, मीरा भायंदर, वसई विरार, सोलापुर, संभाजी नगर, नाशिक, पुणे शामिल है.

2024 में हुए विधानसभा चुनाव में महाविकास आघाड़ी में शामिल दलों को सिर्फ 46 सीटें मिली हैं, इसमें कांग्रेस के खाते में 16 सीटें आईं तो राकां शरद पवार गुट ने 10 सीटों पर जीत हासिल की थी. इसके अलावा गठबंधन में सबसे ज्यादा सीटें शिवसेना उद्धव गुट को मिलीं, पार्टी ने महाराष्ट्र में 20 सीटों पर जीत दर्ज की. इससे पहले आघाडी की सरकार गिर जाने के बाद नेता विपक्ष का पद कांग्रेस के पास था.

### महाविकास अघाड़ी के पास केवल 46 विधायक

नेता प्रतिपक्ष बनाने के लिए विपक्षी पार्टी के पास विधानसभा की 10 प्रतिशत सीटें होनी चाहिए. कम से कम 28 सीटें किसी विपक्षी पार्टी के पास होनी चाहिए लेकिन महाविकास अघाड़ी में ना तो कांग्रेस, ना शिवसेना-यूबीटी और ना ही एनसीपी-एसपी को 10 प्रतिशत सीट मिल पाई. यही कारण है कि कोई अकेले के दम पर पद नहीं मांग रहा है. हालांकि अब इसपर आखिरी निर्णय विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर को लेना है.

# अंजलि दमानिया ने धनंजय मुंडे पर लगाए गंभीर आरोप



**मुंबई.** अंजलि दमानिया ने धनंजय मुंडे पर कहा: सीआईडी ने बीड के मासजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के मामले में आरोप पत्र दायर किया है। बताया जा रहा है कि इस हत्याकांड का मुख्य मास्टरमाइंड वाल्मीक कराड है। हालाँकि, इस पर अभी तक आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। इस बीच, हत्याकांड पर लगातार नजर रख रहीं सामाजिक कार्यकर्ता अंजलि दमानिया ने प्रतिक्रिया दी है। दमानिया ने एक बार फिर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता धनंजय मुंडे पर आरोप लगाया है और उनके इस्तीफे की मांग की है।इस मामले पर बोलते हुए अंजलि दमानिया ने कहा, "अगर आप सबूत के तौर पर दी गई बातों का क्रम देखें तो इन लोगों ने राजनीतिक दबाव के चलते जानबूझकर तीन अलग-अलग मामले दर्ज कराए। इनमें जबरन वसूली, अत्याचार और हत्या शामिल थे। अब जब तीनों मामले एक साथ सामने आए हैं, तो यह स्पष्ट हो गया है कि इसमें भारी मात्रा में राजनीतिक दबाव था और यह दबाव धनंजय मुंडे की ओर से था। उन्होंने कहा, ''इसलिए मैं पहले दिन से कह रहा था कि धनंजय मुंडे को इस्तीफा दे देना चाहिए।''

"आज यह साबित हो गया है कि ये तीन अलग-अलग मामले कभी अस्तित्व में ही नहीं थे।" इसकी शुरुआत 29 नवंबर को हुई, जब वाल्मीक कराड ने पहली बार सुदर्शन घुले के फोन से फिरौती की मांग की। फिर, 6 तारीख को एक लड़ाई हुई जिसमें सभी वर्ग शामिल थे। चावल उत्पादक किसान बालाजी तांडले उन्हें बचाने के लिए पहुंचे और उन्हें जमानत दे दी। 7 तारीख को सुदर्शन घुले वाल्मीक कराड से बात करते हैं कि अगर आगे से ऐसे लोग हमारे रास्ते में आने लगें तो हमें उनसे छुटकारा पा लेना चाहिए।

अंजलि दमानिया ने बताया, "8 तारीख को विष्णु चाते और सुदर्शन घुले तिरंगा होटल में मिले और चर्चा की कि अगर संतोष देशमुख रास्ते में आया तो वे उसे खत्म कर देंगे।"

# कोस्टगार्ड ने बचाई 14 भारतीय मछुवारों की जान

**मुंबई.**

वयं रक्षामह" (हम रक्षा करते हैं) के आदर्श वाक्य के साथ कोस्ट गार्ड भारतीय समुद्री सीमा की रक्षा में जुटी है. भारतीय समुद्री क्षेत्र में होने वाली किसी भी दुर्घटना के वक्त फर्सट रेस्पॉंडर भी भूमिका में कोस्ट गार्ड होती है. 28 फरवरी को सुबह लगभग 0635 बजे कोस्ट गार्ड शिप "सावित्रीबाई फुले" महाराष्ट्र तट के पास गश्त कर रहा था. जब शिप के क्रू ने समंदर में घना धुंआ उठते देखा. कोस्टगार्ड ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उस धुंए की तरफ बढ़े. सुबह 0715 बजे जब शिप मौके पर पहुंचा तो देखा कि एक भारतीय मछली पकड़ने वाली नाव में आग लगी हुई थी. इस बोट का नाम "एकविरा मौली" था.कोस्टगर्ड ने तुरंत कार्रवाई करते हुए 14 मछुआरों को जान बचाई. इंडियन फिशिंग बोट में सभी 14 लोगो को "धना लक्ष्मी" में शिफ्ट किया. आग लगने की वजह से कुछ मुछिवारे झुलस गए. जिनका तुरंत फर्सट एड दिया गया.

सुबह तकरीबन 5 बजे इंजन रूम में आग लग गई थी. जो की पूरे बोट में फैल गई. आग इतनी फैल चुकी थी कि कोस्टगार्ड शिप आग बुझाने में दो घंटे से ज्यादा का समय लग गया. बोट को स्टेबल करने के लिए लगातार पंप से पानी भी निकाला गया. कोस्टगार्ड ने क्षतिग्रस्त बोट को बंदरगाह तक लेजाने के लिए भी मदद की. अंतर्राष्ट्रीय नीयम के मुताबिक तट से लकर 200 नॉटिकल मील दूर तक का पूरा इलाका एक्सक्लूसिव जोन माना जाता है. भारतीय ईईजेड के सुरक्षा की जिम्मेदारी भारतीय नौसेना की है. तट से 16 किलोमीटर आईसीजी के कार्य क्षेत्र है. किसी भी तरह की अवैध गतिविधियों को रोकने, समुद्र में आई किसी भी तरह की आपदा में रातह बचाव के लिए हमेशा तत्पर है.

# सेनेटरी पैड में छिपाकर लाई जा रही थी शराब

## >पुलिस ने किया खुलासा



**मुंबई.**

राज्य में आबकारी विभाग ने बड़े पैमाने पर शराब तस्करी करने वाले लोगों को गिरफ्तार किया. तस्कर सेनेटरी पैड की आड़ में 42 लाख 83 हजार 730 रुपये की विदेशी शराब की तस्करी कर रहे थे. इस बीच पुलिस ने उन्हें दबोच लिया है. ऐसा कहा जा रहा है कि पुलिस को अपने सूत्रों से शराब के तस्करी की जानकारी मिली थी. जिसके बाद पुलिस की टीम तस्करों की तलाश में जुट गई थी.

महाराष्ट्र में सेनेटरी पैड में छिपाकर अवैध शराब की तस्करी की जा रही थी. इस बीच पुलिस को उनके खुफिया सूत्रों से जानकारी मिली कि होली से पहले कुछ लोग प्रतिबंधित शराब के स्टॉक गोवा से महाराष्ट्र में कर रहे हैं. यह लोग शराब की तस्करी सेनेटरी पैड में छिपाकर कर रहे हैं, जिससे किसी को भी उन पर शक ना हो. हालांकि, राज्य आबकारी विभाग ने इस साजिश को नाकाम कर दिया है और पूरे मामले का पर्दाफाश कर दिया है. उन्होंने कुल 42 लाख 83 हजार 730 रुपये की अवैध शराब जब्त की है.

पुलिस ने छापेमारी के दौरान 361 पेटी विदेशी शराब और 362 कार्टून पेटी सेनेटरी पैड के जब्त किए हैं. पड़ोसी राज्यों में शराब की कीमत कम होने के कारण इस तरह की घटना अक्सर होती रहती है. राज्य आबकारी निरीक्षक आगे की जांच कर रहे इस बीच, वर्ष 2024-2025 के दौरान 2.5 करोड़ रुपये मूल्य की 21,000 बल्क लीटर शराब की तस्करी का पर्दाफाश किया गया था. दो-तीन दिन पहले राज्य आबकारी विभाग ने भी एक टीम बनाकर सीमेंट मिक्सर के जरिए की जा रही तस्करी की साजिश को नाकाम किया था.

**सेनेटरी पैड के पैकेट में छुपाई गई शराब**

राज्य एक्साइज डिपार्टमेंट को अवैध विदेशी शराब की तस्करी का खुफिया इनपुट मिला था. इसी सूचना के आधार पर ठाणे अधीक्षक प्रवीण तांबे की टीम ने भिवंडी पुलिस की टीम की मदद से सुबह करीब 5.30 बजे कल्याण-भिवंडी रोड पर टेमघर इलाके में साई प्रेम होटल के पास जाल बिछाया. इसके बाद वहां खड़े एक संदिग्ध छह टायर वाले टेम्पो की तलाशी ली. इस दौरान पुलिस ने पाया कि सेनेटरी पैड के डिब्बों के पीछे महंगी विदेशी शराब की पेटियां छुपाई हुई थी. उन्हें तस्करी करके ले जाया जा रहा था.

# वोट फिक्सिंग में लिप्त है सरकार

**मुंबई.** भाजपा की अगुवाई में बनी महायुति गठबंधन ने मतदाता सूचियों में हेराफेरी करके चुनाव आयोग की मदद से महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव जीता है। कांग्रेस पार्टी ने इस घोटाले की जांच की मांग की है लेकिन केंद्र सरकार और चुनाव आयोग जानबूझकर इसकी अनदेखी कर रहे हैं। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में असंवैधानिक सरकार बनी और फिर विधानसभा में वोट चुराकर सत्ता में आई भाजपा गठबंधन की यह फिक्सिंग सरकार है। महायुति सरकार पर यह जोरदार हमला महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने किया है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस पार्टी मतदाता सूची घोटाले को लेकर लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाएगी। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल, कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य गुरदीप सप्पल, प्रवीण चक्रवर्ती, प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन जोशी ने विधानसभा चुनाव के लिए मतदाता सूची में गड़बड़ी और मतदाताओं की बढ़ी संख्या को लेकर प्रदेश के 30 विधानसभा क्षेत्रों के प्रतिनिधियों के साथ शुक्रवार को तिलक भवन में बैठक की।

# युवक की लाठी-डंडों से पिटाई



**पिंपरी-चिंचवाड़.**

एक व्यक्ति की लात-घूसों और डंडों से पिटाई की गई है। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई और आरोपी प्रशांत घाडगे के खिलाफ पिंपरी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर लिया गया है। शेखर भारत जाधव ने घटना के संबंध में पिंपरी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है।

विस्तृत जानकारी यह है कि आरोपी प्रशांत घाडगे अपने चार पहिया वाहन को मरम्मत के लिए पिंपरी के एक प्रसिद्ध सर्विस सेंटर में ले गया था। हालांकि, प्रशांत को संदेह था कि कार में पेट्रोल और बिल के साथ छेड़छाड़ की गई है। इससे मैनेजर शेखर भरत जाधव के साथ उनकी मौखिक बहस हो गई।

इसके बाद प्रशांत ने अपने दोस्तों को बुलाया और मैनेजर शेखर जाधव से बहस की। बहस झगड़े में बदल गई। शेखर जाधव को प्रशांत घाडगे ने लात-घूंसों से बेरहमी से पीटा। यह पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। पिंपरी पुलिस ने तुरंत इस संबंध में शिकायत दर्ज की। शेखर जाधव ने घटना के संबंध में शिकायत दर्ज कराई है। यह घटना शुक्रवार शाम करीब 6:30 बजे चिंचवाड़ के केएसबी चौक पर घटी। घटना का सीसीटीवी इस समय सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।


**रजिस्ट्रेशन ऑफ न्यूज पेपर (सेन्ट्रल ) अॅक्ट १९५६ के अन्तर्गत 'नागपुर मेट्रो समाचार' पत्र के संबंध में स्वामित्व तथा अन्य विवरण विषयक जानकारी**

**घोषणा**

**(फार्म - 4)**

| | |
|---|---|
| (१) प्रकाशन स्थल | : 'नागपुर मेट्रो समाचार' 532, हनुमाननगर, नागपुर-09 |
| (२) प्रकाशन क्रम | : दैनिक |
| (३) प्रकाशक | : फैजान सिराज शेख |
| (४) संपादक | : इमरान मुमताज शेख |
| (५) नागरिकता | : भारतीय |
| (६) पता | : 'नागपुर मेट्रो समाचार' 532, हनुमाननगर, नागपुर-09 |
| (७) मुद्रक | : फैजान सिराज शेख |
| (८) मुद्रक स्थान | : देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 |
| (९) पत्र का स्वामित्व भागीदार अथवा १ प्र. श. अधिक पूंजी वाले हिस्सेदार | : फैजान मीडिया सर्व्हिसेस प्रा. लि. |
| पता | : 532, हनुमाननगर, नागपुर-09 |

मैं, फैजान सिराज शेख घोषित करता हूं कि उपरोक्त विवरण मेरी जानकारी तथा विश्वास के अनुसार सही है.

**दिनांक: १ मार्च २०२५**

**फैजान सिराज शेख**
**प्रकाशक**


# वाशिम के खेर्डा गांव में मुर्गियों की रहस्यमयी मौत!

## >प्रशासन सतर्क



**वाशिम.**

एक बार फिर बर्ड फ्लू का खतरा बढ़ता जा रहा है. यहां कारंजा तालुका के खेर्डा (जिरापुरे) गांव के एक पोल्ट्री फार्म में 8,000 में से 6,831 मुर्गियों की रहस्यमयी मौत के बाद प्रशासन सतर्क हो गया है. 27 फरवरी को आई रिपोर्ट में पुष्टि हुई कि यह मौतें बर्ड फ्लू संक्रमण के कारण हुई हैं. इसके बाद जिला प्रशासन ने तुरंत हाई अलर्ट जारी कर दिया है.

20 से 25 फरवरी के बीच पोल्ट्री फार्म में लगातार मुर्गियों की मौत हो रही थी. मृत मुर्गियों के सैंपल अकोला की प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजे गए थे. इसके बाद पुणे स्थित राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान और भोपाल की प्रयोगशाला में भी विस्तृत जांच हुई.27 फरवरी को रिपोर्ट में H5N1 वायरस (बर्ड फ्लू) की पुष्टि हुई.

इस वायरस ने पिछले दो सालों में दुनिया के कई देशों में लाखों पक्षियों का सफाया किया है और सिर्फ पक्षी ही नहीं, कई जानवरों को भी बुरी तरह से प्रभावित किया है जिनमें ऊदबिलाव, सील, हार्बर पोर्पस और लोमड़ी आदि शामिल हैं. संक्रमित पक्षियों के पास रहने से यह बीमारी तेजी से फैलती है. बर्ड फ्लू जिसे एवियन इन्फ्लूएंजा के नाम से भी जाना जाता है. संक्रमित पक्षियों या उनकी गंदगी के डायरेक्टर कॉन्टैक्ट में आने से इंसानों में भी तेजी से फैलता है.

### मुर्गियों को किया जाएगा नष्ट

रिपोर्ट सामने आने के बाद प्रभावित क्षेत्र को सैनिटाइज करने का अभियान तेज कर दिया गया है. प्रशासन बची हुई मुर्गियों को खत्म करने में लगा हुआ है. रिपोर्ट के बाद पोल्ट्री फार्म से मुर्गियों की आवाजाही और बिक्री पर रोक लगा दी गई है. हर तालुका में तहसीलदार की निगरानी में विशेष समितियां गठित की गई हैं. कलेक्टर और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण बर्ड फ्लू के प्रसार के खिलाफ निवारक उपायों को लागू करने का आदेश जारी किया था

# पुणे रेप केस: विपक्ष का तीखा हमला

## >उदय सामंत ने लिया नया कदम

**पुणे.** पुणे रेप केस को लेकर महाराष्ट्र में राजनीतिक घमासान जारी है. पुलिस ने इस मामले में गुरुवार को कथित आरोपी दत्तात्रेय गाडे को गिरफ्तार किया है. पुणे के स्वर्गेट बस स्टेशन पर 26 वर्षीय महिला के साथ हुए रेप को लेकर पूरे राज्य में आक्रोश है. वहीं, इस मामले में राज्य मंत्री योगेश कदम के विवादित बयान को लेकर भी तकरार जारी है. इस बीच, शुक्रवार को महाराष्ट्र के मंत्री उदय सामंत ने कहा कि वह योगेश कदम के बयान को लेकर उनसे मुलाकात करेंगे. राज्य के उद्योग मंत्री और शिवसेना (शिंदे) नेता उदय सामंत ने कहा, 'मैं योगेश कदम ने जो बयान दिया है, उसके संदर्भ में उनसे व्यक्तिगत रूप से मुलाकात करूंगा. लेकिन अब इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और हमारी शुरू से मांग है कि उसे फांसी दी जाए.' वहीं महाराष्ट्र में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर विपक्ष हमलावर है. इस पर मंत्री ने कहा कि हर मुद्दे पर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश नहीं होनी चाहिए. उदय सामंत ने कहा कि हर मुद्दे पर राजनीति नहीं होनी चाहिए.


**मध्य रेल**

**ई–खुली निविदा सूचना**

**संख्याः मरेप्रकार्यनागपुर–12–2025–01 दिनांक 27.02.2025. कार्य का नामः 1)** आमला–नागपुर सेक्शन में 2/0.90 मीटर आकार के मौजूदा स्टोन स्लैब ब्रिज 903/1 अप का 2.5x1.45 आकार किमी 902/21–23 पर आरसीसी बॉक्स पुश विधि द्वारा प्रतिस्थापन तथा 1/3.0 मीटर आकार के ब्रिज नं. 932/1 अप का 3x 3.425 आकार किमी 932/23–25 पर आरसीसी बॉक्स पुश विधि द्वारा प्रतिस्थापन और आमला–छिंदवाड़ा खंड में पुल क्रमांक 951/1, आकार 1/1.83 आर्च ब्रिज आरसीसी बॉक्स द्वारा प्रतिस्थापन। **2)** एडीईएन बैतूल सब डिवीजन के अंतर्गत मौजूदा स्लैब पुल क्रं. 870/2 डाउन (1x0.91 मीटर), 866/2 डाउन (1X2.44 मीटर), 868/2 डाउन (2X2.44 मीटर), 865/2 डाउन (1X3.05 मीटर), 863/2 डाउन (1 x 2.44 मीटर), 862/3 डाउन (1 x 6.00 मीटर), 861/1 डाउन (1 x 2.44 मीटर), 756/1 डाउन (2x3.78 मीटर) को आरसीसी प्रीकास्ट स्लैब से बदलना जिसका ओआरएन 4 हैं। **(i) अनुमानित लागत रु:** 16163848.28 **(ii) बयाना राशी रु:** 230800.00 **निविदा बंद होने की तिथि** 21.03.2025 एवं समय 15.00 ईटेंडरिंग की विस्तृत जानकारी एवं तथा ऑन लाइन भाग लेने हेतु रेल वेबसाइट सूचना **www.ireps.gov.in** देखे.

ANJ/52/478 मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), नागपुर

टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करे



**आज का राशिफल**

मेष- आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। दोपहर तक आपको कोई अच्छी खबर मिल सकती है। विरोधी आज आपके बारे मे अफवाहें फ़ैलाने के लिए तैयार बैठे हैं ऐसा कोई मौका ही न दें।

वृषभ -आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज पूरा दिन माता-पिता के साथ बितेगा। जिन सीमित विचारों की वजह से आप विचार के दायरे से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं

मिथुन -आज आपका दिन अच्छा रहेगा। राजनीति से जुडे लोगों के लिए आज का दिन अच्छा है समाज हित में किये गये कामों की तारीफ़ होगी।

कर्क -आज आपके दिन की शुरुआत खुशियों से भरी होगी। आज अन्य लोगों की समस्याओं को सुलझाने पर आपका ध्यान रहेगा, इस कारण व्यक्तिगत जीवन की कुछ बातों को नजरअंदाज न करें।

सिंह -आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आप नए विचारों से परिपूर्ण रहेंगे। आप जिन कामों को करने के लिए सोचेंगे, वे आपको उम्मीद से ज़्यादा फायदा दे सकते हैं।

कन्या- आज भाग्य का आपको पूरा-पूरा साथ मिलेगा। ऑफिस में अपनी प्रगति के बारे में विचार करेंगे। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करेंगे तो बिना गड़बड़ के काम समय से पूरा हो जायेगा।

तुला -आज आपका दिन शानदार रहेगा। ऑफिस के किसी काम को लेकर बॉस आपको सलाह देंगे, जो आपके लिए कारगर साबित होगा। आज किसी से भी बेवजह मजाक करने से आपको बचना चाहिए।

वृश्चिक- आज आपका दिन लकी रहेगा। आज आप जो भी करें, अच्छे से समझकर करें, फायदा होगा । सरकारी कामों में किसी अनुभवी से सलाह मिल सकती है,

धनु- आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए आज का दिन बढ़िया है। आज आपको किसी सम्मानित व्यक्ति से मिलने का मौका मिल सकता है।

मकर- आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज थोड़ी मेहनत से किसी बड़े फायदे का योग बन रहा है। जीवनसाथी की मदद से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा।

कुंभ- आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज किसी ऐसे मित्र से कॉल पर बात होगी, जिससे पुरानी यादें ताजा हो जाएगी। आज पिछली बातों की वजह से मन उलझन में रहेगा

मीन -आज आपका दिन नई सौगात लेकर आया है। आज करियर संबंधी शुभ समाचार मिलेगा, जिससे घर का वातावरण खुशनुमा हो जायेगा।


# मुंबई यूनिवर्सिटी में कन्वोकेशन में गड़बड़ी

## > डिग्रियों पर गलत स्पेलिंग

**मुंबई.**

मुंबई यूनिवर्सिटी में अक्सर छात्रों के नामों की गलत स्पेलिंग छपने की खबरें आती रहती हैं। लेकिन इस बार तो यूनिवर्सिटी ने खुद अपने नाम की स्पेलिंग ही गलत छाप दी है। 2023-24 बैच के ग्रेजुएशन सर्टिफिकेट पर 'यूनिवर्सिटी ऑफ़ मुमबई ' लिखा हुआ है। ये सर्टिफिकेट कई कॉलेजों को भेज दिए गए थे। अब कई कॉलेजों ने ये सर्टिफिकेट वापस कर दिए हैं, और बाकी कॉलेज भी यही करने वाले हैं। एक कॉलेज प्रिंसिपल ने कहा, 'अपने ही नाम की स्पेलिंग गलत करना एमयू के लिए शर्मनाक बात है।' एक दूसरे प्रिंसिपल ने कहा, 'लोगो के ऊपर गलत नाम की वजह से सर्टिफिकेट नकली लग रहे हैं। सोचिए, अगर छात्र नौकरी या आगे की पढ़ाई के लिए इन सर्टिफिकेट का इस्तेमाल करेंगे तो क्या होगा? मुंबई यूनिवर्सिटी का दीक्षांत समारोह 7 जनवरी को हुआ था। 2023-24 में 1.64 लाख छात्रों ने ग्रेजुएशन किया है। लेकिन यह साफ नहीं है कि कितने छात्रों को गलत स्पेलिंग वाले सर्टिफिकेट मिले हैं। एक और प्रिंसिपल ने कहा, 'यूनिवर्सिटी से ऐसी गलती की उम्मीद नहीं थी। इतनी बड़ी गलती होने के बावजूद दीक्षांत समारोह हो गया और डिग्रियां भी दे दी गईं। प्रिंसिपल ने आगे कहा, 'नए सर्टिफिकेट छपवाने से छात्रों को उन्हें मिलने में देरी होगी। कई छात्रों को आगे की पढ़ाई या नौकरी मिल चुकी होगी, और शायद उन्होंने इस गलती पर ध्यान भी नहीं दिया होगा।' प्रिंसिपल ने बताया कि अब सभी गलत सर्टिफिकेट वापस मंगवाने पड़ेंगे। प्रवक्ता ने कहा, 'हम इसे सुधार रहे हैं। छात्रों को बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के नए सर्टिफिकेट मिलेंगे।' उन्होंने यह भी बताया कि गलती का पता चलते ही यूनिवर्सिटी ने इसे सुधारना शुरू कर दिया है। सभी कॉलेजों को अभी तक सर्टिफिकेट नहीं भेजे गए हैं। बाकी कॉलेजों को सही सर्टिफिकेट भेजे जाएंगे।


**जाहिर सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरी पत्नी श्रीमती रानी एलिजाबेथ जार्ज जोसफ इनका दिनांक 07/08/2024 को निधन हो गया है इनके नाम पर निम्नलिखित वाहन है -
(1) Four wheeler Car Regn. No . MH 31 DV 0368 (Maruti Alto K10 model 2011) Engine no. 4303717 Chassis no. MA3EADE1S00240642FB
2) Two wheeler Regn. No. MH 31 DU 9347 (Hero Splendor Pro model 2011) Engine no. HA10ECBHJ14167 Chassis no. MBLHA10ABBHJ21156
(3) Two wheeler Regn. No MH 49 AF 9710(Mahindra Gusto model 2016) Engine no. ULEGD001427 Chassis no. MCDAU1B1VG2D00375
उनके पश्चात जार्ज पीटर जोसफ ( पति) उनका वारिस होने के नाते उपरोक्त वाहनों को मेरे नाम पर करना है . जिस किसी को इस बारे में आपत्ति है वे अपनी आपत्तियां 07 दिनों के भीतर दर्ज करें . इसके बाद कोई आक्षेप मान्य नहीं होगा व हस्तांतरण प्रकिया पूर्ण कर ली जायेगी.
नागपूर - दि. 01/03/2025

**श्रीमान जार्ज पीटर जोसफ**
**Q. No. 4/5 MIG 42**
**VISHWAKARMA**
**NAGAR NAGPUR -440027**
**मो. 9370958435**



**मेट्रो CLASSIFIED**

DR. NANDI PATH LAB
Committed to your Wellness
OUR SERVICES: • BLOOD TESTS • BIOCHEMISTRY • HEMATOLOGY • MICROBIOLOGY • SEROLOGY & MORE
DR. GAURAV NANDI MBBS, MD (Patho)
Ex. ASSTT PROFESSOR SMCW, PUNE
Mobile No.: 8767516249 | 7420869774
Near Nutan Saraswati School, Main Road, Kamptee, Nagpur

AVANI SOLAR SYSTEM
VANDANA ABHIJEET YADAV Proprietor
Avani Udyog
(MSEDCL Approved Vendor)
Office Address
Ground Floor, LSN 52/3, Ranala Railway Gate, Kamptee, Nagpur - 441 001

ADMISSION OPEN
RKS PUBLIC SCHOOL
NURSERY to Std. IX
OUR FACILITY
Computer Lab • Cricket
Karate Class • Swimming Pool
Skating Class • Basket Ball
M. 8087955831 8956785080
Jaripatka Police Station Road, Nara, Nagpur

Sabri
Professional DJ & Live Audio Sound Service
:: Booking Show ::
Qawwali, Ghazal. Sugam Sangeet, Jagran, Orchestra, Sufi Night, Celebrity Show, Govt. Meeting, School & College Gatherings, Wedding, Party Shows, Event & All Festival Planings, Trust, Lights, LED Wall.
M. 9503066685
Kharbi Chowk, Nagpur.

ZOREN PROPERTY DEALERS
हमारे यहाँ खेती, फ्लॅट, डुप्लेक्स, घर, बंगलो, फार्म हाऊस, रिसॉर्ट खरेदी और बेचा जाता है
अफसर खान
M. 9371381114, 7038696893
सभी प्रकार के प्रॉपर्टी पेपर का काम किया जाता है

नमोश्री ऑनलाईन जॉब सेन्टर
विक्रीपत्र, बक्षिसपत्र, मृत्युलेख, हक्क सोडण्याचे लेख, प्रतिज्ञापत्र, हिबानामा, झोन दाखला, बँक प्रतिज्ञा लेख व ईडेलिटी बॅड, आखिव पत्रिका, 7/12, फेरफारपंजी, रजिस्ट्री डाटा इन्ट्री, झेरॉक्स, लेमिनेशन, कलर प्रिंट, वॉटसअप पिंट, आधार कार्ड डाउनलोड
उमेश्वर शामकुंवर
M.9326760744
तहसील व कार्ट के सामने, कामठी

नसीब प्रिंटींग प्रेस
एस. सुधीर मो. 9372855880
डिजिटल बॅनर • विजिटिंग कार्ड
शादी कार्ड • रबर स्टॅम्प
बुक बाईडिंग • डीटीपी जॉब
रोटा प्रिंटींग • स्क्रीन प्रिंटींग
प्रांजल हॉस्पीटल व दुर्गा स्टॉरेन्ट के सामने, दुर्गा चौक, कामठी

**पाठकगणों को विनम्र सूचना :** दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार में प्रकाशित होने वाले विविध विज्ञापनों की जांच-पड़ताल करने के बाद ही पाठकगण विज्ञापन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आर्थिक व्यवहार करें। प्रकाशित विज्ञापन में अपने उत्पादन के संदर्भ में या सेवा के संदर्भ में विज्ञापन दाताओं द्वारा जो दावे पेश किए जाते है, उनकी दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र कोई गारंटी के साथ जवाबदेही नहीं देता। साथ ही विज्ञापन में किये गये दावों से दुष्परिणाम के लिए दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र के मुद्रक, प्रकाशक, संपादक तथा मालिक जिम्मेदार नहीं होंगे। कृपया पाठकगण उपरोक्त संबंध में ध्यान दें।

**विज्ञान हेतू संपर्क करें : सौमित्र नंदी, उपसंपादक**
**मोबाइल नं. 9604758944 , 9881272088**

# गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र की एक फैक्ट्री में लगी भीषण आग

**भोपाल.**

भीषण आग और वो भी एक केमिकल फैक्ट्री में. ऊपर जो तस्वीर आप देख रहे हैं वो मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से सामने आई है. शनिवार दोपहर बाद भोपाल के गोविंदपुरा इलाके में स्थित एक केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग लग गई. आग इतनी भीषण है कि लपटें 20 फीट तक ऊंची उठ रही हैं. मिली जानकारी के अनुसार जिस फैक्ट्री में आग लगी वह पेंट बनाने वाली केमिकल फैक्ट्री है. भोपाल के गोविंदपुरा स्थित जेके रोड पर स्थित इस फैक्ट्री में शनिवार दोपहर बाद अचानक आग लग गई. इस फैक्ट्री के पास ही टाटा महिंद्रा का शोरूम सहित कई अन्य बड़ी दुकानें स्थित है. आग लगने की सूचना के बाद मौके पर स्थानीय पुलिस के साथ-साथ फायर ब्रिगेड की टीम मुस्तैद है.



भोपाल की केमिकल फैक्ट्री में लगी आग को बुझाने में फायर ब्रिगेड की 10 से 12 गाड़ियां जुटी हैं. लेकिन अभी तक आग पर पूरी तरह से काबू नहीं पाया जा सका है. आग लगने की सूचना मिलने के बाद भोपाल के गोविंदपुरा, पुल बोगदा, फतेहगढ़ से फायर फाइटर्स मौके पर पहुंचे. करीब डेढ़ घंटे से आग बुझाने की कोशिश जारी है. ऐहतियातन आस-पास के दुकानों को बंद करवा दिया गया है. शुरुआती जानकारी के मुताबिक, आग लगने के पीछे शार्ट सर्किट को कारण बताया जा रहा है. हालांकि आधिकारिक तौर पर अभी कुछ नहीं जा सकता है.भीषण आग की इस घटना से इलाके में धुआं-धुआं भर गया है. अशोका गार्डन पुलिस भी मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाल रही है.

### कई किलोमीटर दूर से नजर आ रहा काला धुआं

फिलहाल आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है. आगलगी की इस घटना में लाखों रुपए के नुकसान की आशंका जताई जा रही है. आग इतनी भीषण है कि औद्योगिक क्षेत्र में लगी इस आग का काला धुआं कई किलोमीटर दूर से भी नजर आ रहा था. फिलहाल पुलिस, फायर ब्रिगेड और स्थानीय प्रशासन की टीम आग बुझाने की कोशिश में जुटी है.

बताया गया कि आग लगने के बाद फैक्ट्री परिसर में रखा गया एक बड़ा सिलेंडर भी ब्लास्ट कर गया, जिसके बाद आग और तेजी से फैली. एहतियात के तौर पर आसपास के सभी शोरूम संचालकों ने अपनी दुकानें बंद कर दी है. केमिकल फैक्ट्री औद्योगिक क्षेत्र में है. जिसके आस-पास कई प्रमुख वाहन कंपनियों के शोरूम हैं.

# महाकुंभ में सीएम योगी ने सफाईकर्मियों संग किया भोजन

## > दोनों डिप्टी सीएम भी हुए शामिल

**प्रयागराज.**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बृहस्पतिवार को प्रयागराज पहुंचे। अरैल स्थित त्रिवेणी संकुल में उन्होंने सफाई कर्मचारियों से मुलाकात की। पूरे महाकुंभ क्षेत्र में सफाई व्यवस्था की बखूबी जिम्मेदारी निभाने के लिए सफाईकर्मियों को सम्मानित किया। इसके बाद सीएम योगी ने अपने कैबिनेट के सहयोगियों के साथ पंडाल में सफाईकर्मियों के साथ भोजन किया।

सीएम ने कहा कि सफाई कर्मियों ने पूरे उत्साह के साथ जिस तरह से महाकुंभ को गंदगी मुक्त बनाने का कार्य किया है इसकी जितनी भी सराहना की जाए कम है। सफाई कर्मियों के अथक परिश्रम और सहयोग से महाकुंभ सकुशल संपन्न हो सका। सफाई व्यवस्था में सभी कर्मचारी दिन रात लगे रहे। देश विदेश से आने वाले श्रद्धालु महाकुंभ में सफाई की व्यवस्था को देखकर काफी खुश हुए। संगम पर 45 दिनों तक चले महाकुंभ का औपचारिक समापन बृहस्पतिवार को हो गया। महाकुंभ का समापन तो बुधवार को अंतिम स्नान पर्व



महाशिवरात्रि के साथ ही हो गया था। आस्था के इस महाकुंभ में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। तरह से माने तो देश के हर दूसरे व्यक्ति ने संगम में स्नान किया है। स्नान के बाद संगम का पवित्र जल भी लोग अपने घर ले गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ का औपचारिक समापन किया।


इसके पहले उन्होंने अरैल घाट की खुद सफाई की और कूड़े को बीनकर डस्टबिन में डाला। साइबेरियन पक्षियों को दाना खिलाया। मां गंगा की पूजा अर्चना की। उनके साथ दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री एके शर्मा, सुरेश खन्ना, राकेश सचान, नंद गोपाल गुप्ता नंदी, विधायक हर्षवर्धन, सिद्धार्थनाथ सिहं, दीपक पटेल, गुरु प्रसाद मौर्य, वाचस्पति, सुरेंद्र चौधरी, केपी श्रीवास्तव, पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीके सिंह, महापौर उमेशचंद्र गणेश केसरवानी आदि मौजूद रहे।

# किसान से रिश्वत ले रहा था लेखपाल, वीडियो वायरल

**लखनऊ.**

उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले में रिश्वतखोरी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है. यहां मंझनपुर तहसील के भेलखा गांव में तैनात लेखपाल अनुराग पटेल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. उस वीडियो में साफ दिख रहा है कि लेखपाल एक किसान से धारा 80 के तहत रिपोर्ट लगाने के नाम पर रिश्वत ले रहा है. मामला उजागर होने के बाद प्रशासन में हड़कंप मच गया है. वहीं, जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने तुरंत सख्त कार्रवाई के आदेश दिए हैं.

पीड़ित किसान ने बताया कि वह अपनी भूमि संबंधी एक रिपोर्ट के लिए लेखपाल से संपर्क कर रहा था. लेकिन लेखपाल ने रिपोर्ट लगाने के बदले उससे घूस मांगी. इसके बाद किसान ने पैसे देते समय चुपके से



वीडियो बना लिया और इसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया. वीडियो में साफ-साफ दिख रहा है कि किसान अपनी जेब से पैसे निकालकर कागज में लपेटकर लेखपाल को दे रहा है. यह वीडियो दो दिन पुराना बताया जा रहा है. लेकिन जब गुरुवार को यह वायरल हुआ, तो प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया.

वीडियो के आधार पर लोगों ने लेखपाल की निंदा करते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है. जिला अधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत जांच के आदेश दिए हैं. उन्होंने कहा कि यह मामला संज्ञान में आया है और इसमें नियमानुसार जांच कराई जाएगी. वहीं, दोषी पाए जाने पर सबसे सख्त कार्रवाई की जाएगी. मधुसूदन हुल्गी आगे कहा कि शासन की 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत पारदर्शिता बनाए रखते हुए कार्रवाई की जाएगी. डीएम ने कौशांबी जिले के सभी निवासियों से अपील की है कि यदि उनकी कोई पत्रावली पेंडिंग रहती है, तो वे प्रशासन को सूचित करें. किसी भी स्तर पर रिश्वत देने की आवश्यकता नहीं है. उन्होंने कहा कि यदि कोई सरकारी कर्मचारी या अधिकारी रिश्वत मांगता है, तो उसकी शिकायत तुरंत करें. ताकि उसके खिलाफ कार्रवाई की जा सके.

# रेलवे ट्रैक पर बोल्ट और पत्थर मिलने से हड़कंप

## > हिरासत में दो किशोर, जांच जारी

**लखनऊ.**

उत्तरप्रदेश के हरदोई जिले में लखनऊ-मुरादाबाद रेलवे ट्रैक पर एक संदिग्ध घटना सामने आई है, जिसमें ट्रैक पर पत्थर और बोल्ट रखे जाने की बात सामने आई है. इस घटना के बाद रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और स्थानीय पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो किशोरों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है. फिलहाल, मामले की गहन जांच की जा रही है ताकि किसी भी संभावित खतरे को लेकर पूरी सच्चाई सामने आ सके.

दरअसल, यह घटना हरदोई जिले के कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में हुई. यहां लखनऊ-मुरादाबाद डाउन ट्रैक पर सुबह के समय ट्रेन संख्या 13010 योग नगरी दून एक्सप्रेस गुजर रही थी. जब यह ट्रेन कौढ़ा रेलवे स्टेशन और हरदोई रेलवे स्टेशन के बीच पहुंची, तो ट्रेन चालक ने ट्रैक पर कुछ संदिग्ध वस्तुएं देखीं. उसने तत्काल इमरजेंसी




ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोका, लेकिन तब तक ट्रेन ट्रैक से गुजर चुकी थी. जब ट्रेन रुकने के बाद रेलवे स्टाफ ने ट्रैक का निरीक्षण किया, तो वहां पर पत्थर और बोल्ट के टुकड़े पाए गए. इसी दौरान रेलवे ट्रैक के किनारे दो किशोर खड़े दिखाई दिए, जिनकी गतिविधियां संदिग्ध लगीं.

इन किशोरों को ट्रेन में मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने पकड़ लिया और रेलवे गेटमैन को सौंप दिया. इसके बाद रेलवे गेटमैन ने आरपीएफ और हरदोई पुलिस को सूचना दी. पकड़े गए किशोरों की पहचान बिलग्राम थाना क्षेत्र के कन्हरी गांव निवासी 15 वर्षीय एक किशोर और सांडी थाना क्षेत्र के सहोरा गांव निवासी 16 वर्षीय किशोर के रूप में हुई है. ये दोनों कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के ग्राम अब्दुलपुरवा में अपने एक रिश्तेदार सलमान के घर आए हुए थे. प्रारंभिक जांच में सामने आया कि ये दोनों किशोर रेलवे ट्रैक पर टहलने के दौरान वहां पहुंचे थे. पुलिस को उनके मोबाइल में ट्रैक पर खड़े होकर ली गई कुछ तस्वीरें भी मिली हैं, जिससे यह अंदेशा जताया जा रहा है कि वे किसी तरह की शरारत कर रहे थे या फिर किसी विशेष उद्देश्य से ट्रैक पर आए थे. मौके पर पहुंची पुलिस और आरपीएफ ने दोनों किशोरों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ शुरू कर दी है. पुलिस इस बात का पता लगाने का प्रयास कर रही है कि उन्होंने ट्रैक पर बोल्ट और पत्थर क्यों रखे थे और क्या इसके पीछे कोई साजिश थी.

सीओ सिटी अंकित मिश्रा ने इस घटना को लेकर जानकारी देते हुए कहा, 1 मार्च 2025 को स्थानीय पुलिस को सूचना मिली कि कौढ़ा और हरदोई रेलवे स्टेशन के बीच दो किशोरों को रेलवे ट्रैक पर संदिग्ध रूप से कुछ चीजें रखते देखा गया है. इसके बाद आरपीएफ और पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी. फिलहाल जांच जारी है और जैसे ही किसी ठोस तथ्य का खुलासा होगा, उसी आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी.

# सुकमा में नक्सलियों और सुरक्षाकर्मियों के बीच मुठभेड़

**सुकमा.** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के किस्टाराम थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है। उन्होंने बताया कि किस्टाराम क्षेत्र में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना मिलने पर शुक्रवार को सुकमा जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कोबरा बटालियन के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि दल शनिवार को जब क्षेत्र में था तब नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी जिसके बाद सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह से सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच रुक-रुक कर मुठभेड़ जारी है। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ स्थल और आस-पास के क्षेत्रों में सुरक्षा बलों ने खोजी अभियान शुरू किया है।

# बेल्जियम की राजकुमारी भारत आएंगी

## > 2 मार्च को बिजनौर भी जाएंगी

**बेल्जियम.**

बिजनौर जिले के महमूदपुर गांव में 2 मार्च को एक ऐतिहासिक क्षण होगा, जब बेल्जियम की राजकुमारी एस्ट्रीड अपने 65 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ यहां आएंगी. वो बिजनौर में स्थित बेल्जियम की कंपनी एस्ट्रीडओ पोटैटो प्लांट की दूसरी यूनिट का शिलान्यास करेंगी, जहां फ्रोजन फ्रेंच फ्राई का उत्पादन होगा.

इस महत्वपूर्ण आयोजन में बेल्जियम के रक्षा मंत्री, उप प्रधानमंत्री और कृषि मंत्री सहित कई व्यापारिक हस्तियों के शामिल होने की संभावना है. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भी इस कार्यक्रम में भाग लेने की संभावना है, जिसके चलते प्रशासन तैयारियों में जुटा हुआ है. इंडस्ट्री मैदान में चार हेलीपैड बनाए गए हैं और बड़े स्तर पर सुरक्षा और आयोजन की व्यवस्थाएं की जा रही हैं.

एग्रिस्टो मासा पोटैटो प्लांट, जो दुनिया का पहला आलू पाउडर बनाने वाला प्लांट है, बिजनौर के महमूदपुर



गांव में स्थित है. इस प्लांट से बने उत्पाद फ्रांस, इंग्लैंड, जर्मनी, इटली, कनाडा, मलेशिया, अर्जेंटीना, वियतनाम, ऑस्ट्रेलिया जैसे कई देशों में निर्यात किए जाते हैं. 2019 में इस इंडस्ट्री की स्थापना के बाद से आसपास के जिलों के किसानों ने गन्ने की खेती छोड़कर आलू की खेती शुरू कर दी है.

कंपनी किसानों से सीधा एग्रीमेंट कर उन्हें बीज, खाद और पेस्टिसाइड उपलब्ध कराती है और फसल तैयार होने पर निश्चित दामों पर नगद भुगतान करती है. इससे किसानों को लाभ हो रहा है और आलू उत्पादन तेजी से बढ़ा है. बेल्जियम की राजकुमारी की इस यात्रा से बिजनौर के औद्योगिक और कृषि क्षेत्र को नई पहचान मिलेगी.

# 'यूक्रेन को न्यायपूर्ण और स्थायी शांति की जरूरत है'

## > व्हाइट हाउस से निकलने के बाद बोले जेलेंस्की

**अमेरिकी.**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की के बीच शुक्रवार को व्हाइट हाउस में बैठक के दौरान जमकर बहस हुई. जिसके बाद तनाव इतना बढ़ गया कि जेलेंस्की ने किसी भी समझौते को मानने से इनकार कर दिया और बातचीत बीच में ही रोक दी गई. इसके बाद व्हाइट हाउस से निकलने के बाद जेलेंस्की ने एक्स पर अपने पोस्ट में अमेरिका पर टिप्पणी की.

यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की अपने पोस्ट में लिखा कि अमेरिका को धन्यवाद, आपके समर्थन के लिए धन्यवाद, इस यात्रा के लिए धन्यवाद. पोंतुस, कांग्रेस और अमेरिकी लोगों को धन्यवाद. यूक्रेन को न्यायसंगत और स्थायी शांति की आवश्यकता है, और हम ठीक उसी के लिए काम कर रहे हैं. अमेरिकी नेता और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ



ओवल ऑफिस में टकराव के बाद व्हाइट हाउस छोड़ने के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प और देश को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया है. शुक्रवार को बैठक के दौरान, ट्रम्प ने जेलेंस्की पर चिल्लाते हुए उन पर लाखों लोगों की जान जोखिम में डालने का आरोप लगाया और चेतावनी दी कि उनके इस काम से तृतीय विश्व युद्ध हो सकता है. जवाब में, जेलेंस्की ने अमेरिका के साथ एक महत्वपूर्ण खनिज समझौते पर हस्ताक्षर किए बिना अचानक व्हाइट हाउस छोड़ दिया, जिस पर ट्रम्प ने कहा था कि यह यूक्रेन को समर्थन के लिए एक शर्त थी.

व्हाइट हाउस से निकलने के कुछ मिनट बाद, यूक्रेनी राष्ट्रपति ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अमेरिका को धन्यवाद, आपके समर्थन के लिए धन्यवाद, इस यात्रा के लिए धन्यवाद. पोंतुस, कांग्रेस और अमेरिकी लोगों को धन्यवाद. यूक्रेन को न्यायसंगत और स्थायी शांति की आवश्यकता है, और हम ठीक उसी के लिए काम कर रहे हैं. ओवल ऑफिस में तीखी बहस के बाद, ट्रम्प और जेलेंस्की के बीच निर्धारित जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस को भी रद्द कर दिया गया. व्हाइट हाउस के एक प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिका और यूक्रेन के बीच एक खनिज समझौते पर हस्ताक्षर होने वाला था, वह भी नहीं हुआ.

# छात्रों के बीच हुई झड़प में स्टूडेंट की मौत

**कोझिकोड.**

जिले में एक निजी 'कोचिंग सेंटर' के पास विद्यार्थियों के दो गुटों के बीच झड़प का मामला सामने आया है। इस दौरान एक छात्र के सिर में गंभीर चोट लग गई। आनन-फानन में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 10वीं कक्षा के छात्र की शुक्रवार देर रात मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। वहीं इस मामले में पुलिस ने पांच छात्रों को हिरासत में लिया है, जिन्हें किशोर न्याय बोर्ड के सामने पेश किया जाएगा। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

घटना के बारे में जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि कोझिकोड सरकारी



मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल की आईसीयू में भर्ती 16 वर्षीय मुहम्मद शाहबास की रात करीब एक बजे मौत हो गई। इस घटना के सिलसिले में पांच विद्यार्थियों को हिरासत में लिया गया है और उन पर हत्या के आरोप लगाए जाएंगे। पुलिस ने बताया कि आरोपियों को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया जाएगा। अस्पताल के सूत्रों के अनुसार, मोहम्मद शाहबास वेंटिलेटर पर था। थमारास्सेरी में 23 फरवरी को एक 'ट्यूशन सेंटर' में विदाई समारोह के दौरान झगड़ा हुआ था और झगड़ा बढ़ने पर फिर से गुरुवार को झड़प हुई। इस मामले में सामान्य शिक्षा मंत्री वी शिवनकुट्टी ने शनिवार को सामान्य शिक्षा निदेशक को घटना की विभागीय जांच करने का निर्देश दिया।

एक बयान में मंत्री ने छात्र की मौत पर दुख प्रकट किया। उन्होंने कहा, ''पुलिस घटना की गहन जांच कर रही है। इसके अतिरिक्त, कोझिकोड के शिक्षा विभाग के उप निदेशक ने जांच के बाद एक प्रारंभिक रिपोर्ट सौंपी है।'' पुलिस ने बताया कि यह घटना गुरुवार शाम करीब पांच बजे थमारास्सेरी के वेझुपुर रोड पर हुई, जिसमें दो स्थानीय स्कूल के छात्र संलिप्त थे। थमारास्सेरी पुलिस ने इस घटना के सिलसिले में पांच छात्रों को हिरासत में लिया है।

# अमौसी एयरपोर्ट का रनवे 15 जुलाई रहेगा बंद

**लखनऊ.** अमौसी स्थित चौधरी चरण सिंह अन्तरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का रनवे एक मार्च से 15 जुलाई तक दिन में बंद रहेगा। इन 137 दिनों में सुबह 10 से शाम छह बजे तक कोई फ्लाइट नहीं आएगी और न ही उड़ान भरेगी। ऐसे में फ्लाइटों की समय सारिणी शाम छह से सुबह 10 बजे के बीच सिमट गई है। करीब 37 फ्लाइटें शेड्यूल से कम दिख रही हैं। ऐसे में औसतन अधिकतम फ्लाइटों की संख्या 155 है। मार्च के शेड्यूल में ये घटकर 118 रह गई हैं। एयरपोर्ट पर नए टर्मिनल टी-3 के निर्माण के बाद अब रनवे के समानांतर टैक्सी वे बनाया जाएगा। रनवे की रिकार्पेटिंग यानी मेंटीनेंस भी इस दौरान कराई जाएगी। रनवे बंद करने के लिए नोटम यानी नोटिस टू एयरमैन लेना होता है। इसके लिए डायरेक्टर जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) को एयरपोर्ट प्रशासन ने प्रस्ताव भेजा था जो मंजूर हो गया। एयरपोर्ट प्रवक्ता ने बताया कि पहली मार्च से 15 जुलाई तक अमौसी एयरपोर्ट का रनवे सुबह 10 से शाम 6 बजे तक बंद रहेगा।

# अंबाला में कोर्ट के अंदर तड़तड़ाईं गोलियां

## > पेशी पर आए युवक पर फायरिंग

**हरियाणा.**

हरियाणा के अंबाला शहर कोर्ट परिसर में शनिवार को गोलियां चलीं। कोर्ट में पेशी पर आए अमन नामक युवक पर फायरिंग की गई है। हमलावर काली गाड़ी में आए थे और उन्होंने 2 से 3 राउंड गोलियां चलाईं और फिर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद सीआईडी और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। इसके बाद क्राइम ब्रांच की टीमों को भी बुलाया गया और उन्होंने मामले की जांच शुरू कर दी। जांच अधिकारी सुनील वत्स ने बताया कि मौके से दो खोल और सिक्का मिला



है। इस फायरिंग में कोई भी जख्मी नहीं हुआ है। फिलहाल पुलिस तफ्तीश कर अपराधियों कि धरपकड़ और पहचान में जुट गई गई है। कोर्ट परिसर के जिस गेट के पास ये गोली कांड हुआ है। वहां कोर्ट का एक प्राइवेट चौकीदार खड़ा था। उसने पूरी घटना को विस्तार बताया।

प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि वो गेट पर खड़ा था। उस दौरान गाड़ी में सवार होकर दो युवक गाड़ी से उतरे। जिनके हाथों में पिस्टल थी। उन्होंने एक के बाद एक तीन राउंड फायर किए, वो उन्हें रोकता रहा, लेकिन वो नहीं रुके। फायर करके वहां से चले गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और सीआईडी की टीम मौके पर पहुंची और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी

रणजीत नाम के इस प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि वो गेट पर खड़ा था. उस दौरान गाड़ी में सवार होकर दो युवक गाड़ी से उतरे. जिनके हाथों में पिस्टल थी. उन्होंने एक के बाद एक तीन राउंड फायर किए, वो उन्हें रोकता रहा, लेकिन वो नहीं रुके. फायर करके वहां से चले गए. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और सीआईडी की टीम मौके पर पहुंची और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है.

# दूध वाले पिकअप वाहन से बिहार भेजी जा रही थी 40 पेटी शराब

**प्रयागराज.**

उत्तर प्रदेश के देवरिया में बिहार बॉर्डर पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने दूध वाली पिकप से 40 पेटी अवैध शराब बरामद किया है. यह अवैध शराब अमूल मोती नाम के दूध पैकेट्स के पीछे छिपाकर बिहार ले जाया जा रहा था. लार पुलिस ने मेहरौना चेक पोस्ट पर चेकिंग के दौरान दुग्ध वाहन लिखी गाड़ी को रोकने का प्रयास किया तो ड्राइवर गाड़ी लेकर भागने लगा.

हालांकि, कुछ दूर आगे ले जाकर ड्राइवर ने गाड़ी रोक दिया. फिर गाड़ी छोड़कर खुद फरार हो गया. वहीं, जब पुलिस ने तलाशी ली तो बंटी- बबली टेट्रा पैक की कुल 40



पेटी शराब मिली. फिलहाल पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है. सीओ सलेमपुर दीपक शुक्ला ने बताया कि पुलिस ने अभियोग पंजीकृत करते हुए गाड़ी व शराब को सीज कर दिया है. उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक की तरफ से अवैध शराब को लेकर एक अभियान चलाया जा रहा है. इसी के तहत 28 फरवरी को लार पुलिस ने एक वाहन को रुकवाया. हालांकि, पुलिस को देखते ही ड्राइवर वाहन लेकर भागने लगा. वहीं, कुछ दूर जाकर ड्राइवर गाड़ी छोड़कर फरार हो गया. जिसके बाद पुलिस ने गाड़ी की तलाशी ली तो बंटी- बबली टेट्रा पैक की कुल 40 पेटी शराब मिली. पुलिस ने शराब सहित वाहन को जब्त कर लिया है.

सीओ सलेमपुर दीपक शुक्ला के अनुसार शराब को बिहार ले जाया जा रहा था. जिसे होली के मौके पर सप्लाई किया जाना था. फिलहाल फरार ड्राइवर की तलाश कर रही है. साथ ही शराब सप्लाई करने वाले गैंग की भी तलाश कर रही है.

हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
नागपुर, रविवार, 2 मार्च 2025



# जिला चंद्रपुर-गढ़चिरोली

# किसानों को 7 करोड़ 65 लाख 33 हजार रुपए की सहायता : मुनगंटीवार

> राज्य सरकार की भारी बारिश और बाढ़ से प्रभावित किसानों को सहायता की घोषणा

> चंद्रपुर जिले के 5385 किसानों को मिलेगा लाभ

**चंद्रपुर, सुनील तायडे**

पिछले वर्ष भारी बारिश और बाढ़ से चंद्रपुर जिले के हजारों किसान प्रभावित हुए थे। इससे कृषि भूमि और फसलों को व्यापक नुकसान हुआ। उस समय तत्कालीन संरक्षक मंत्री सुधीर मुनगंटीवार किसानों की सहायता के लिए आगे आए। लेकिन साथ ही उन्होंने इन किसानों को सहायता देने की सरकार की घोषणा को भी आगे बढ़ाया। अब राज्य सरकार ने चंद्रपुर जिले के 5385 किसानों को 7 करोड़ 65 लाख 33 हजार रुपए की सहायता देने की घोषणा की है। यह सफलता मुनगंटीवार के प्रयासों के कारण है और किसानों ने उन्हें धन्यवाद दिया है।



भारी बारिश, बाढ़ और चक्रवात जैसी प्राकृतिक आपदाओं के कारण कृषि फसलों और कृषि भूमि को नुकसान होने पर इनपुट सब्सिडी के रूप में सहायता प्रदान की जाती है ताकि किसान अगले सीजन में इसकी भरपाई कर सके। इसके अलावा, राज्य आपदा प्रतिक्रिया निधि की अन्य अनुमोदित मदों के लिए भी सहायता प्रदान की जाती है। सरकार को जून से सितंबर 2024 के बीच भारी वर्षा के कारण कृषि भूमि को हुए नुकसान के संबंध में प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। नासिक, पुणे, नागपुर, अमरावती और छत्रपति संभाजीनगर डिवीजनों से प्रस्ताव प्राप्त हुए। इसके बाद अब राज्य सरकार ने निर्णय लेते हुए पूरे प्रदेश में 2925.61 लाख रुपये की धनराशि वितरित करने को मंजूरी दे दी है।

इन प्रस्तावों में चंद्रपुर के किसान भी शामिल थे। सुझाव दिया गया है कि भारी बारिश से हुए नुकसान का तत्काल आकलन किया जाए तथा सहायता हेतु प्रस्ताव तैयार किया जाए। मुनगंटीवार ने उस दौरान यह बात कही थी। इसके बाद प्रशासन ने नागपुर डिवीजन के अंतर्गत चंद्रपुर के लिए प्रस्ताव भेजा। इसके अनुसार जून और जुलाई 2024 के दौरान भारी बारिश से प्रभावित चंद्रपुर जिले के 5309 किसानों के लिए 7 करोड़ 48 लाख 89 हजार रुपये की सहायता की घोषणा की गई है। अगस्त और सितंबर 2024 के दौरान भारी वर्षा से जिले के 76 किसान प्रभावित हुए। उनके लिए 16.4 लाख रुपये की सहायता की घोषणा की गई है।

इस चार माह की अवधि के दौरान कुल 2,254.76 हेक्टेयर कृषि भूमि नष्ट हो गयी। इसके अनुसार, जून से सितंबर के बीच भारी बारिश के कारण नुकसान झेलने वाले जिले के 5385 किसानों को 7 करोड़ 65 लाख 33 हजार रुपये की सहायता प्रदान की गई है। यह सुधीर मुनगंटीवार की पहल के कारण उपलब्ध होगा।

### किसानों ने जताया आभार

यह केवल मुनगंटीवार की पहल का ही परिणाम था कि जिले के किसानों को फसल बीमा के तहत 202 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड राशि प्राप्त हो सकी। उन्होंने धान की खेती करने वाले किसानों को धान के लिए 20,000 रुपये प्रति हेक्टेयर बोनस देकर न्याय दिलाने का भी काम किया। अब उनके लगातार फॉलोअप से जिले के किसानों को बड़ी राहत मिली है।

# देसाईगंज में अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

**देसाईगंज.**



यहां का पूरा बाजार राज्य राजमार्ग पर स्थित है। इस सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण बढ़ने से सार्वजनिक परिवहन प्रभावित हुआ और यातायात की समस्या उत्पन्न हुई। इसलिए नगर परिषद ने 15 दिन पहले इन अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी करने के बाद भी अतिक्रमण नहीं निकाले जाने पर नगर परिषद द्वारा आखिर 27 फरवरी को अतिक्रमण हटा दिया गया। देसाईगंज शहर में देसाईगंज से आरमोरी राज्य राजमार्ग एक बहुत व्यस्त बाजार क्षेत्र का हिस्सा है और इस मार्ग पर एक बस स्टॉप भी है।

यह पैदल यात्रियों, साइकिलों और भारी वाहनों के लिए भी मुख्य मार्ग है। इस क्षेत्र में अतिक्रमण दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा था। परिणामस्वरूप, जनता और परिवहन प्रणाली पर बहुत दबाव पड़ा। प्रशासन ने नोटिस जारी कर उन्हें स्वयं अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया था।

नगर परिषद ने इस महीने की 20 तारीख को नोटिस जारी किया था, लेकिन अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर यह अभियान चलाया गया और पिछले सप्ताह विश्राम गृह के सामने से अतिक्रमण हटा दिया गया।

इन अतिक्रमणों को हटाने के लिए अक्सर अतिक्रमण अभियान चलाए जाते हैं। हालाँकि,पिछले कुछ दिनों पूर्व जब यह अभियान बंद हुआ तो कुछ ही दिनों में चीजें सामान्य हो गईं।

मांग यह है कि अतिक्रमण हटाने के बाद खाली किए गए क्षेत्र में एक स्थायी लोहे की ग्रिल लगाई जाए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह अपनी मूल स्थिति में बना रहे।

अभियान के तहत सार्वजनिक शौचालयों से लेकर थोरात चौक तक, बस स्टैंड के आसपास के क्षेत्र से लेकर पेट्रोल पंप तक अतिक्रमण हटाया गया। उनमें से कुछ लोग अतिक्रमण हटाते और प्रशासन की मदद करते देखे गए। इस अवसर पर भारी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद रखा गया था।

# बहुजनों, छत्रपति के अपमान की प्रवृत्ति के खिलाफ एकजुट हो : डॉ हुलगेश चलवाड़ी

> प्रशांत कोरटकर को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग

**चंद्रपुर.**

हिंदू स्वराज्य के संस्थापक, बहुजन साहस, वीरता, पराक्रम और स्वाभिमान के प्रतीक छत्रपति शिवाजी महाराज का अपमान करने वाली प्रवृत्तियों को दूर भगाने के लिए एकजुट होने की जरूरत है। छत्रपति-फुले-शाहू-अंबेडकर के प्रगतिशील महाराष्ट्र में शिवाजी महाराज के बारे में बुरा बोलने की हिम्मत कोई कैसे कर सकता था ? यह सवाल बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश महासचिव और पश्चिमी महाराष्ट्र के मुख्य प्रभारी डॉ. हुलगेश चालवाड़ी ने को उठाया। क्या मंत्रियों द्वारा असामाजिक विचारों को दिया जाने वाला 'राजसी संरक्षण' इसका कारण है ? अब समय आ गया है कि राज्य सरकार इसका विश्लेषण करे। महाराज के बारे में आपत्तिजनक बयान देने वाले तथाकथित प्रशांत कोरटकर का अभी तक फरार होना गृह विभाग की विफलता है। डॉ. चालवाड़ी ने यह भी कहा कि इस बात की भी जांच होनी चाहिए कि कोरटकर को राज्य के शीर्ष पुलिस अधिकारियों से अपने संबंधों का लाभ तो नहीं मिल रहा है।

वैचारिक लड़ाई विचारों से लड़ी जाती है, धमकियों या मारपीट से नहीं। प्रत्येक व्यक्ति को समाज में उचित शब्दों में अपनी राय व्यक्त करने का संवैधानिक अधिकार है। हालाँकि, इसका मतलब यह नहीं है कि कोई भी विरोध करने के इस अधिकार का दुरुपयोग करेगा और सामाजिक वातावरण को प्रदूषित करेगा। महाराज और उनके बहुजन हितैषी विचारों का विरोध करने वाली प्रवृत्तियों और मानसिकताओं पर सही समय पर नकेल कसने की जरूरत है। यह केवल बहुजन एकता से ही संभव है । ऐसे 'तथाकथित राजनीतिक पेशेवरों' के लिए एकजुट होकर बदलाव लाने की



जरूरत है। डॉ. चलवाड़ी ने राय व्यक्त की कि राज्य सरकार को भी ऐसे लोगों को तुरंत जेल में डालना चाहिए।

राज्य की सांस्कृतिक राजधानी में गुंडागर्दी का 'हैदोस'.

राज्य की सांस्कृतिक राजधानी केन्द्रीय बस स्टैंड पर युवती के साथ बलात्कार, कोयत्या गिरोह का आतंक, चेन छीनने, असुरक्षित महिलाओं, मारपीट, चोरी और हत्या जैसी नियमित घटनाओं से हिल गई है। गुंडागर्दी ने पुणे में सचमुच अराजकता पैदा कर दी है। हालाँकि, गृह विभाग चुप है। डॉ. चलवाड़ी ने अब मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से अपील की है कि वे शिक्षा के गढ़ इस शहर की स्थिति बदलने के लिए व्यक्तिगत रूप से कदम उठाएं। सभ्य शहर के रूप में जाना जाने वाला शहर प्रशासनिक उपेक्षा का सामना कर रहा है। डॉ. चलवाड़ी ने कहा कि पुलिस को समय रहते गांव के गुंडों सहित असामाजिक तत्वों की पहचान कर उन्हें बेड़ियों में जकड़ना चाहिए तथा शहर को अपराध मुक्त बनाने की दिशा में कदम उठाने चाहिए।

# महामिनरल माइनिंग कंपनी स्थानीय लोगों की मांगों का तत्काल समाधान करे : विधायक जोरगेवार

> ग्रामीणों में भारी आपत्ति, प्रतिनिधिमंडल ने दिया ज्ञापन

**चंद्रपुर.**



उसगांव के निकट महामिनरल माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के संचालन से स्थानीय नागरिकों में गहरा असंतोष पैदा हो गया है। कंपनी के परिचालन से उत्पन्न समस्याओं ने नागरिकों का जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है. स्थानीय निवासियों ने इनके समाधान के लिए तत्काल उपाय किए जाने की मांग की है। विधायक किशोर जोरगेवार ने कंपनी प्रबंधन को नागरिकों की समस्याओं का तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए हैं।

भारतीय जनता पार्टी के विधायक किशोर जोरगेवार और ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल कंपनी प्रबंधन से मिला है और विधायक किशोर जोरगेवार की ओर से एक ज्ञापन कंपनी प्रबंधन को सौंपा गया है। इस अवसर पर उसगांव ग्राम पंचायत सरपंच निविता ठाकरे , उपसरपंच मंगेश असुरकर , सदस्य यमुना राजुरकर , रेखा कोडापे , वर्षा बोंद्रे , धनंजय ठाकरे , रमेश काले , कवडू थोबरे , मोहनदास राजुरकर , दिलीप ठाकरे , उसगांव पुलिस पाटिल नरेंद्र बुच्चे , इमरान खान , संजय तिवारी , निरीक्षण दल , संतोष नुने , मिंटू कलवाल , पासी गाडे , विशाल अड्डूर , इमरान खान , स्वप्निल वधई , नंदकिशोर यादव , विजय कपूर , सागर रामटेके , रमन तांडा , महेश लाठा , मयूर कलवाल , राहुल चुपका , सागर गेडाम , उदय कलवाल , अरुण दभरे , हेमराज बोबड़े , वे उपस्थित थे।

कंपनी के भारी वाहनों के लगातार आवागमन के कारण सड़कें खराब हो गई हैं। ये सड़कें ग्रामीणों के दैनिक आवागमन के लिए हैं , और कंपनी को तुरंत इनकी मरम्मत कर भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग बनाना चाहिए। कंपनी से निकलने वाला धुआं और कोयला वाशरी से निकलने वाला धूल प्रदूषण नागरिकों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाल रहा है। बच्चे , बुजुर्ग और अन्य निवासी श्वसन संबंधी बीमारियों का सामना कर रहे हैं। इसलिए प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए तत्काल उपाय किए जाने चाहिए। कंपनी का प्रदूषण गांवों में रहने वाले नागरिकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। इसलिए कंपनी को अपने सामाजिक उत्तरदायित्व कोष के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित करना चाहिए। इसी प्रकार , इस निधि के माध्यम से गांव में बुनियादी सुविधाओं और विकास कार्यों पर जोर दिया जाना चाहिए। विधायक किशोर जोरगेवार ने भी एक बयान के माध्यम से निर्देश दिए हैं कि ग्राम पंचायत के पास लंबित करों का भुगतान तुरंत किया जाना चाहिए ।

कंपनी से निकलने वाले धुएं से क्षेत्र में कृषि को व्यापक नुकसान हो रहा है तथा किसानों का उत्पादन भी गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने यह भी मांग की कि किसानों को उचित पारिश्रमिक मिले तथा मुआवजा बढ़ाया जाए । इसके अलावा, ग्रामीणों द्वारा स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की भी बार-बार मांग की जाती रही है। हालाँकि , इस पर अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

# सीबीएसई को 10वीं बोर्ड परीक्षा पर पुनर्विचार करना चाहिए : सांसद धानोरकर

> सांसद धानोरकर का केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष को पत्र

**चंद्रपुर.**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 2026 से 10वीं कक्षा की परीक्षाओं में परिवर्तन करने के लिए नए नियमों का मसौदा तैयार कर उन्हें मंजूरी दे दी है। चूंकि नए नियमों के तहत 10वीं बोर्ड परीक्षा दो बार आयोजित की जाएगी, इसलिए सांसद प्रतिभा धानोरकर ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष को एक पत्र भेजकर नए मसौदा नियमों का विरोध किया है।



केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के संशोधित मसौदा नियमों के नियमों के अनुसार, छात्रों को दो बार परीक्षा देनी होगी. सांसद प्रतिभा धानोरकर को छात्रों और अभिभावकों से कई शिकायतें मिलीं। तदनुसार, सांसद धानोरकर ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष को पत्र लिखकर अपनी आपत्ति दर्ज कराई है। इस पत्र में उन्होंने कहा कि उक्त परीक्षा प्रणाली में खामियां पैदा होंगी। उन्होंने यह भी कहा कि मई महीने में तापमान के कारण विदर्भ में उक्त परीक्षा छात्रों के लिए जानलेवा साबित होगी। साथ ही, यह पत्र स्कूलों के लिए कई तकनीकी कठिनाइयां पैदा करेगा, स्कूल की समय-सारिणी को बाधित करेगा और शिक्षकों के लिए परीक्षा प्रक्रिया को कठिन बना देगा। इसलिए वर्तमान परीक्षा प्रणाली सही है और सांसद धानोरकर ने इस परीक्षा प्रणाली को बनाए रखने पर जोर देते हुए कड़ा रुख अपनाया है। सांसद धानोरकर ने इस संबंध में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा मांगी गई आपत्तियों पर एक पत्र लिखकर आपत्ति जताई है। इस संबंध में खासदार धानोरकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री से मुलाकात करेंगे। सांसद धानोरकर ने पत्र में यह भी कहा कि बोर्ड को कोई भी निर्णय लेने से पहले छात्रों, शिक्षकों और स्कूल प्रशासकों पर भी विचार करना चाहिए।

# हीट स्ट्रोक एक्शन प्लान 2025 लागू

> नगर निगम में समन्वय समिति की समीक्षा बैठक

**चंद्रपुर, सुनील तायडे**

चंद्रपुर शहर को पूरी दुनिया में गर्म शहर के रूप में जाना जाता है। अब गर्मी के दिन शुरू हो गए हैं। हर साल यहां गर्मी का पारा अपने उच्चतम बिंदु पर पहुंच जाता है। इसलिए चंद्रपुर शहर नगर निगम हीट स्ट्रोक कार्ययोजना लागू करेगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ऐसी भीषण गर्मी में नागरिक हीट स्ट्रोक का शिकार न हों। इसके लिए 27 फरवरी को मनपा स्थायी समिति सभागृह में अतिरिक्त आयुक्त चंदन पाटिल की अध्यक्षता में हीट स्ट्रोक एक्शन प्लान समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई।

इस अवसर पर मार्गदर्शन देते हुए अतिरिक्त आयुक्त चंदन पाटिल ने कहा कि कोरोना वर्ष को छोड़कर चंद्रपुर महानगरपालिका वर्ष 2016 से प्रत्येक गर्मियों में स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से हीट स्ट्रोक एक्शन प्लान का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन कर रही है।

इस साल गर्मी ज्यादा पड़ने की संभावना है। आज समिति की पहली समीक्षा बैठक है और 15 मार्च तक समिति के सभी सदस्य जिम्मेदारी से सौंपे गए कार्यों को पूरा कर लिखित रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

गर्मियों में घर को ठंडा रखने के लिए नागरिकों को टोटल रूफ टेक्नोलॉजी का उपयोग करना चाहिए, अर्थात घर की छत पर हीट-इंसुलेटिंग पेंट लगाने से तापमान को 2 से 3 डिग्री तक कम करने में मदद मिल सकती है। पिछले वर्ष शहर में 21 स्थानों पर जलापूर्ति की गई थी। इस वर्ष एनजीओ व ठंडा पानी एसोसिएशन द्वारा अधिक जलापूर्ति की जानी चाहिए। गर्मी से बचने के लिए मकान निर्माण की डिजाइन में बदलाव जरूरी है।



### हीटस्ट्रोक का विशेष खतरा किसे है

5 वर्ष से कम और 65 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के साथ-साथ धूप में काम करने वाले मजदूर, पशु, शराब पीने वाले, धूम्रपान करने वाले और मधुमेह के रोगियों को हीटस्ट्रोक का विशेष खतरा होता है।

### हीटस्ट्रोक के लक्षण

अस्वस्थता, थकान, शरीर में गर्मी, कमजोरी, शरीर में दर्द, सिरदर्द, दस्त, भारी पसीना, मतली, त्वचा का पीला पड़ना, तेज़ दिल की धड़कन और पेट में दर्द।

### बचाव के लिए क्या करें

गर्मी के कारण शरीर पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभाव से बचने के लिए खूब पानी पिएं, ठंडे पेय पदार्थ - छाछ, आम की प्यूरी, नारियल पानी पिएं, जब तक बहुत जरूरी न हो धूप में न निकलें, ढीले व हल्के रंग के कपड़े पहनें, ठंडी जगह व वातावरण में रहें तथा सबसे गर्म समय, आमतौर पर दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे के बीच धूप में निकलने से बचें। बिना चप्पल के बाहर न जाएं, तथा छोटे बच्चों या जानवरों को कार में बंद करके न छोड़ें। ठंडे पानी से स्नान करें. (सिर पर ठंडे पानी से स्नान करने से गर्म शरीर को ठंडक मिलती है।) ठंडे स्थान पर आराम करें, अधिक मेहनत वाले काम करने से बचें, खूब ठंडा पानी पिएं और नगर स्वास्थ्य केंद्र या जिला सामान्य अस्पताल में तुरंत चिकित्सा सहायता लें।

बेघरों और भिखारियों के लिए बेघर आश्रय स्थलों में व्यवस्था की जानी चाहिए और चूंकि कई बार भिखारी बेघर आश्रय स्थलों में नहीं आते हैं, इसलिए पुलिस विभाग के साथ मिलकर योजना बनाई जानी चाहिए और मानसिक रूप से बीमार लोगों के लिए भी कार्ययोजना तैयार की जानी चाहिए। नगर निगम और गैर सरकारी संगठनों द्वारा कुछ अस्थायी और स्थायी प्रवासी आश्रय स्थल तैयार किए जाने चाहिए। उन्होंने गैर सरकारी संगठनों और दुकानदारों से अपील की है कि वे अपनी दुकानों के सामने पानी की कैन या पानी की व्यवस्था करें तथा व्यापारिक संघ भी इसके लिए योजना बनाएं।

उन्होंने नगर निगम द्वारा प्रतिवर्ष महाकाली यात्रा के लिए छाया हेतु शेड तथा पानी के लिए स्प्रिंकलर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने शहर में अन्य स्थानों पर स्प्रिंकलर लगाने के लिए स्थान निर्धारित करने, दोपहर में यातायात सिग्नल बंद रखने, दोपहर में सार्वजनिक खेल आयोजित न करने, सार्वजनिक उद्यानों के संचालन समय में वृद्धि करने, 108 एम्बुलेंस को शामिल करने, निर्माण ठेकेदारों के माध्यम से मजदूरों के कार्य समय में परिवर्तन करने तथा व्यापक जनजागृति उत्पन्न करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर डॉ. नयना उत्तरवार ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से सदस्यों को हीट एक्शन प्लान के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर उपायुक्त मंगेश खवले, सहायक आयुक्त अक्षय गडलिंग, शुभांगी सूर्यवंशी, संतोष गर्गेलवार, उप अभियंता रविन्द्र हजारे, डॉ. जयश्री वेड, डॉ. विजया खेड़ा, डॉ. अश्विनी भारत, डॉ. अमोल शेलके, डॉ. योगेश्वरी गाडगे, डॉ. शरयू गावंडे, डॉ. आरव लाहिड़ी, डॉ. नरेंद्र जनबंधु के साथ-साथ विभिन्न सरकारी कार्यालयों और संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# सांसद संजय राऊत पर शिवसेना जमकर

**चंद्रपुर.**

महाराष्ट्र विधान परिषद की उपसभापति तथा शिवसेना (शिंदे गुट) महिला मोर्चा की नेता नीलिमताई गोरहे के बारे में आपत्तिजनक बयान देने पर उभाठा गुट के संजय राउत का आज चंद्रपुर, तुकुम स्थित एसटी वर्कशॉप चौक पर नारेबाजी कर तथा चप्पल-जूते मारकर सार्वजनिक विरोध किया गया।




# हवाई अड्डे के लिए भूमि अधिग्रहण के खिलाफ गांव हुए एकजुट

### मुडझा ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित: भूमि आवंटन की अस्वीकृति

**गढ़चिरोली.**

तीन ग्राम पंचायतों ने गढ़चिरौली जिला मुख्यालय के निकट हवाई अड्डे के निर्माण का विरोध किया है। यही स्थिति मुडझा बुज और मुडझा तुकुम ग्राम पंचायतों के किसानों के साथ थी। ग्राम सभा ने उपजाऊ भूमि पर हवाई अड्डा विकसित करने के लिए भूमि अधिग्रहण में कृषि भूमि के प्रावधान का विरोध किया है और इस संबंध में 28 फरवरी को एक प्रस्ताव पारित किया गया।

गढ़चिरोली हवाई अड्डे के विकास के लिए भूमि अधिग्रहण पर सिफारिश प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए शुक्रवार को एक विशेष ग्राम सभा आयोजित की गई। उक्त ग्राम सभा में खाताधारक किसानों ने जमीन देने से साफ इंकार कर दिया। किसान खाताधारक इस खेत पर दोहरी फसल ले रहे हैं। चूंकि हवाई अड्डे के विकास के लिए अधिकांश किसानों की पूरी जमीन अधिग्रहित की जा रही है, इसलिए किसान खाताधारकों के भूमिहीन हो जाने का खतरा है। भविष्य में उनके पास आजीविका का कोई साधन नहीं होगा। आने वाले समय में नागरिकों को भारी अकाल का सामना करना पड़ सकता हैं।



किसानों ने मुडझा ग्राम सभा में हवाई अड्डे के लिए भूमि आवंटन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

**इसलिए नागरिकों को आठ किलोमीटर की यात्रा करनी पड़ेगी...**

मुडझा से गढ़चिरौली तक की सड़क करीब एक से डेढ़ किलोमीटर लंबी है और राष्ट्रीय राजमार्ग तक पहुंचती है। यह दूरी के बारे में है. यदि सड़क बंद हो जाती है तो ग्रामीणों को जंगल के रास्ते वाकडी होते हुए गढ़चिरौली तक 8 किमी का चक्कर लगाना पड़ेगा। इस क्षेत्र में रात के समय बाघों का दिखना आम बात है। पिछले वर्ष नागरिकों ने तीन बाघों को सड़क पार करते देखा था। इसलिए इलाके में आतंक का माहौल था।

**जल संकट का खतरा...**

मुडझा बुज के इलाके में दो बड़े तालाब हैं। तालाब क्षेत्र का उपयोग हवाई अड्डे के विकास के लिए किया जा रहा है। इसलिए, कृषि और पशुधन के लिए हमेशा पानी उपलब्ध नहीं रहेगा। पानी की कमी होगी. इसलिए यहां की जमीन का कटाव नहीं होना चाहिए। ग्राम सभा में अन्य स्थानों पर भी हवाई अड्डे विकसित करने के लिए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया।

## सुविचार

रमज़ान का पवित्र महीना आपको अपने प्रियजनों के करीब लाए और एक-दूसरे के साथ आपके बंधन को मज़बूत करे....

## सेहत

# रोज़े के दौरान हाइड्रेशन बनाए रखें

## सहरी में खाएं ये सुपरफूड

रमजान इस्लाम में एक पवित्र महीना है, जिसे पूरी दुनिया के मुसलमान इबादत, रोज़े, दान और आत्मशुद्धि के रूप में मनाते हैं. यह महीना इस्लामिक कैलेंडर के नौवें महीने में आता है. इस बार रमजान की शुरुआत आज से हो रही है. रोज़ा (उपवास) रमजान का सबसे अहम हिस्सा होता है. मुसलमान सूरज निकलने से पहले सहरी करते हैं और फिर दिनभर बिना कुछ खाए-पिए इबादत करते हैं. सहरी करने के बाद वो लोग रोजे रखते हैं तो दिनभर कुछ भी खाते-पीते नहीं हैं. ऐसे में जरूरी है कि आप सहरी में कुछ ऐसी चीजों का सेवन करें, जिससे आपका पेट भी भरा रहे और आपको प्यास भी कम लगे. ऐसी स्थिति से निपटने के लिए जरूरी है कि आप सहरी में खीरे को भी शामिल करें. दरअसल, खीरे में पानी की मात्रा काफी ज्यादा होती है, जिसकी मदद से आप खुद को हाइड्रेटेड रख सकते हैं.




### सहरी में खीरे को शामिल करके हाइड्रेटेड कैसे रहें ?

पानी की भरपूर मात्रा: खीरा लगभग 95 प्रतिशत पानी से भरा होता है, जो सहरी में इसे शामिल करने का सबसे बड़ा फायदा है. रोज़े के दौरान शरीर में पानी की कमी (डिहाइड्रेशन) से बचने के लिए खीरा खाना एक आसान तरीका है. यह शरीर को दिनभर हाइड्रेटेड रखने में मदद करता है और प्यास कम महसूस होती है. पाचन को बेहतर बनाए: रोज़े के दौरान कई बार कब्ज़ या पेट से जुड़ी दिक्कतें हो सकती हैं. खीरे में फाइबर की अच्छी मात्रा होती है, जो पाचन को दुरुस्त रखता है और पेट को हल्का महसूस कराता है. इसे सलाद में डालकर या दही के साथ मिलाकर खा सकते हैं. एनर्जी बनाए रखने में मददगार: खीरा शरीर को ठंडा रखता है और ताजगी देता है. रोज़े के दौरान जब एनर्जी कम महसूस होती है, तो खीरे का सेवन करने से हल्का और तरोताजा महसूस कर सकते हैं. यह थकान को भी कम करने में मदद करता है. वजन कंट्रोल करने में मददगार: सहरी में हैवी और ऑयली खाने की जगह अगर खीरे को शामिल किया जाए, तो यह वजन को कंट्रोल करने में मदद करता है. यह पेट भरने का एहसास दिलाता है और बार-बार भूख नहीं लगती, जिससे अनहेल्दी खाने से बचा जा सकता है. स्किन को ग्लोइंग बनाए: रोज़े के दौरान शरीर में पानी की कमी से स्किन ड्राई और बेजान हो सकती है. खीरे में मौजूद पानी और एंटीऑक्सिडेंट स्किन को हाइड्रेटेड रखते हैं और उसे नेचुरल ग्लो देते हैं. इसे सीधे खा सकते हैं या इसका जूस बनाकर पी सकते हैं. बॉडी को डिटॉक्स करे: खीरा शरीर से टॉक्सिन्स निकालने में मदद करता है, जिससे लीवर और किडनी हेल्दी रहते हैं. अगर सहरी में खीरा खाया जाए, तो यह शरीर को अंदर से साफ करने का काम करता है. दिल की सेहत के लिए फायदेमंद: खीरा ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करता है, जिससे दिल की बीमारियों का खतरा कम होता है. इसमें मौजूद पोटैशियम, मैग्नीशियम और फाइबर हार्ट हेल्थ को बेहतर बनाते हैं. हड्डियों को मजबूत बनाए: खीरे में विटामिन के और कैल्शियम पाया जाता है, जो हड्डियों की मजबूती के लिए जरूरी होता है. रोज़े के दौरान इसे खाने से शरीर को जरूरी मिनरल्स मिलते हैं. ब्लड शुगर को कंट्रोल करे: खीरा शुगर लेवल को बैलेंस रखने में मदद करता है, जिससे डायबिटीज़ के मरीजों के लिए यह फायदेमंद साबित हो सकता है. इसे खाने से ब्लड में शुगर स्पाइक्स नहीं आते. दिमाग को ठंडक पहुंचाता है: गर्मी और भूख के कारण रोज़े में सिरदर्द या चिड़चिड़ापन महसूस हो सकता है. खीरे में मौजूद पानी और एंटीऑक्सिडेंट दिमाग को ठंडक देते हैं और मूड फ्रेश बनाए रखते हैं.

## पवित्र महीना माहे रमज़ान विशेष



# 'अल्लाह के प्रति समर्पण और मानवता की भावना का विकास'

डॉ.एम.ए.रशीद, नागपुर




रमज़ान में पवित्रता और रोज़े की अहमियत: रमज़ानुल मुबारक के पवित्र महीने में रोज़ेदारों को शारीरिक और आत्मिक पवित्रता बनाए रखने की विशेष आवश्यकता होती है। इस्लाम में सफ़ाई और तहारत (पवित्रता) को अत्यंत महत्व दिया गया है। रोज़े के दौरान किसी भी तरह की अशुद्धता, जैसे कि हस्तमैथुन से वीर्यपात, रोज़े को तोड़ सकता है, और ऐसी स्थिति में रोज़े की क़ज़ा करनी होती है। हालांकि, कफ्फारा की आवश्यकता नहीं होती। इसके अलावा, अगर किसी व्यक्ति ने शहवत के कारण मनी निकाला और सुबह सादिक के बाद ग़ुस्ल नहीं किया, तो कुल्ली करना पर्याप्त होता है और रोज़ा तब भी बरकरार रहता है। इस्लाम में शुद्धता, स्वच्छता और पवित्रता को न केवल शारीरिक बल्कि आत्मिक उन्नति के लिए भी जरूरी माना गया है। रमज़ान का महीना इस मार्गदर्शन के लिए सर्वोत्तम समय है ताकि हम अपने आत्मिक संबंध को अल्लाह से मजबूत कर सकें और अपनी आत्मा को शुद्ध करें।

अल्लाह तआला, ईश्वर ने संपूर्ण जगत और हम सभी प्राणियों को पैदा किया है। उसने हम सभी प्राणियों (इंसानों) को सर्वश्रेष्ठ प्राणी बनाया है। अल्लाह तआला ईश्वर ने अपनी योजना के तहत एक सीमित समय के लिए इन्सानों को धरती पर भेजकर उसने इन्सान के अन्दर वे सभी शक्तियां और सलाहियतें रखी गई हैं जो उस योजना और मक़सद को पूरा करने के लिए ज़रूरी हैं। अल्लाह तआला, ईश्वर ने हमारी हर ज़रूरत का सामान दुनिया में उपलब्ध किया है।


देखा जाए तो इन्सान वास्तव में एक रूह (आत्मा) है, जिसे एक भौतिक शरीर प्रदान किया गया है। यानी इन्सान शरीर का नाम नहीं बल्कि वास्तव में उस रूह का नाम है जो शरीर में समाहित की गई है। इसलिए जब किसी इन्सान की रूह निकल जाती है तो कहा जाता है कि वह मर गया है। हालाँकि उसका शरीर सामने मौजूद होता है। दुनिया में इन्सान को भेजे जाने का उद्देश्य वास्तव में यह है कि वह अपने पैदा करनेवाले अल्लाह ईश्वर के मार्गदर्शन के तहत अपनी आत्मा को शुद्ध और विकसित करे। उसके अन्दर वे गुण पैदा करे जो अल्लाह को पसन्द हैं। इन गुणों को को पैदा करने और परवान चढ़ाने का उसने आदेश दिया है। इंसान को चाहिए कि वह अपने स्रष्टा को जाने और उससे अपना संबंध मज़बूत करे. इस संबंध को मज़बूत करने के लिए हर दिल अज़ीज़ रमज़ानुल मुबारक का महिना है आ गया है. इसके रोज़े मुस्लिम समुदाय में अल्लाह के प्रति समर्पण और भक्ति की भावना, समस्त प्राणियों के प्रति दयाभाव, हमदर्दी, क्षमाशीलता, सेवाभाव, प्रेमभाव आदि पैदा करने की अद्भुत शक्ति रखते हैं।

लेकिन इन उद्देश्यों को पाने के लिए हर एक मुसलमान को चाहिए कि वह अल्लाह ईश्वर के साथ किसी को शरीक न करते हुए अल्लाह की नाफ़रमानी से बचे। धोखा-फ़रेब, झूठ, कंजूसी, जुल्म व ज़्यादती और अन्य गन्दे कामों से दूर रहे। इन्हीं उद्देश्यों को पूरा करने के लिए मुस्लिम समुदाय के लिए पवित्र माह रमज़ानुल मुबारक आया है। इसी माह में पवित्र क़ुरआन अवतरित हुआ और उसने बड़े विस्तार के साथ इस सिलसिले में इन्सानों का मार्ग प्रशस्त किया है। इस्लाम ने सफ़ाई, स्वच्छता एवं पवित्रता को ईश-उपासना, नमाज़, हज, रोज़े आदि के लिए जरूरी ठहराया है और सफ़ाई -सुथराई से लापरवाह लोगों को आखिरत के अज़ाब से सावधान भी किया गया है। पवित्र, निर्मल, शुद्ध, पाक, साफ़, हर साफ़ या पाक करने वाला, वो चीज़ (पानी की तरह) जिस से कोई साफ़ या पाक करता है, सफ़ाई या पाकी का ज़रीया सफ़ाई सुथराई, पवित्रता का अरबी भाषा का शाब्दिक अर्थ "तहूर" है। पवित्रता शब्द का उपयोग न्यायशास्त्र में किया जाता है, विशेषकर पवित्रता की पुस्तक में। शब्दकोष में पवित्रता का अर्थ स्वच्छता और गंदगी तथा प्रदूषण से मुक्ति है। तहर का अर्थ गंदगी और प्रदूषण विरोधी है। इसका शाब्दिक अर्थ है अशुद्धता और गंदगी से स्वच्छ होना। संयोग से इसका स्रोत "तहारत" है। इससे क्रिया "ताहिर" आती है जिसका बहुवचन अतहर है। ताहिर यह शब्द अतिशयोक्ति का एक रूप है जो क्रिया के भार पर आता है। पवित्र, निर्मल, शुद्ध, पाक, साफ़, हर साफ़ या पाक करने वाला, वो चीज़ (पानी की तरह) जिस से कोई साफ़ या पाक करता है, सफ़ाई या पाकी का ज़रीया सफ़ाई सुथराई, पवित्रता का अरबी भाषा का शाब्दिक अर्थ "तहूर" है। पवित्रता शब्द का उपयोग न्यायशास्त्र में किया जाता है, विशेषकर पवित्रता की पुस्तक में। शब्दकोष में पवित्रता का अर्थ स्वच्छता और गंदगी तथा प्रदूषण से मुक्ति है। तहर का अर्थ गंदगी और प्रदूषण विरोधी है। इसका शाब्दिक अर्थ है अशुद्धता और गंदगी से स्वच्छ होना। संयोग से इसका स्रोत "तहारत" है। इससे क्रिया "ताहिर" आती है जिसका बहुवचन अतहर है। ताहिर यह शब्द अतिशयोक्ति का एक रूप है जो क्रिया के भार पर आता है।



# इफ्तार में सबसे पहले क्यों खाया जाता है खजूर

30 दिन तक चलने वाले रमजान के महीने को खुदा की इबादत का महीना कहा जाता है। रमजान के दौरान मुसलमान सूर्योदय से सूर्यास्त तक उपवास रखते हैं, जिसे रोजा कहते हैं। चांद का दीदार होने के बाद से ही लोग पहला रोजा रखेंगे। रोजा रखने पर सूर्योदय से पहले सहरी और सूर्यास्त के समय इफतार किया जाता है। इफ्तार के दौरान रोजेदार सबसे पहले खजूर खाते हैं। क्या आप जानते हैं कि आखिर क्यों रोजा खोलने के लिए सबसे पहले खाया जाता है खजूर। खजूर से रोजा खोलने की



परंपरा पैगंबर मुहम्मद के समय से चली आ रही है।

कहा जाता है कि पैगंबर ने इब्राहीम परंपरा का अनुसरण करते हुए खुद खजूर और पानी से अपना रोजा तोड़ते थे। बाद में ये परंपरा बन गई, जो आज तक कायम है। इस्लाम में खजूर से रोजा खोलने को सुन्नत माना गया है। वैसे तो इफ्तार में सबसे पहले खजूर खाने का आध्यात्मिक संबंध है। लेकिन इसके अलावा खजूर कई पोषण संबंधी फायदे पहुंचा सकता है, जो रोजा खोलने के लिए एक अच्छा ऑप्शन है। यहां जानिए कुछ कारण कि क्यों मुसलमान इफ्तार के दौरान खजूर चुनते हैं. खजूर में फाइबर, पोटेशियम, मैग्नीशियम और विटामिन और जरूरी पोषक तत्व होते हैं। ये पोषक तत्व लंबे समय तक भूखे रहने के बाद एनर्जी के लेवल को फिर से भरने और शरीर को पोषण देने के लिए जरूरी हैं।

## स्किन केयर

# बदलते मौसम में स्किन के लिए एक्सपर्ट के टिप्स

मौसम बदलने के साथ स्किन से जुड़ा रुटीन भी बदलना पड़ता है. तामपान में उतार चढ़ाव, ह्यूमिडिटी और पर्यावरण के फैक्टर्स आपकी त्वचा पर दबाव डाल सकते हैं. इसके चलते त्वचा में ड्राईनेस, जलन और यहां तक कि एक्ने ब्रेकआउट भी हो सकता है. त्वचा को हेल्दी और ग्लोइंग बनाने के लिए सही स्किन केयर रूटीन को फॉलो करना बहुत जरूरी होता है. इसिया एस्थेटिक की एमडी-फाउंडर और मेडिकल डायरेक्टर डॉ. किरण सेठी कहती हैं कि मौसम के दौरान त्वचा का ज्यादा ख्याल रखने की



जरूरत होती है. खासकर, गर्मियों का मौसम आने वाला है. इस मौसम में पसीने और धूल-मिट्टी की वजह से त्वचा को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है. ऐसे में कुछ टिप्स को फॉलो करकेइस मौसम में त्वचा को सुरक्षित रख सकते हैं. जेंटल क्लींजर चुनें और रोजाना मॉइस्चराइज़ करें: नमी को हटाए बिना गंदगी हटाने के लिए ग्लिसरीन और एलोवेरा से भरपूर सल्फेट-फ्री क्लींजर चुनें. जलन को रोकने और अपनी त्वचा की नेचुरल बैरियर को सहारा देने के लिए गुनगुने पानी का उपयोग करें. स्किन को मॉइस्चराइज़ करने के लिए ऐसी क्रीम या लोशन लगाएं, जिसमें हाइलूरोनिक एसिड, सेरामाइड्स और नियासिनमाइड शामिल हों. ये तत्व हाइड्रेशन को लॉक करते हैं, त्वचा के बैरियर को मजबूत करते हैं. विटामिन सी सीरम: हफ्ते में एक या दो बार ग्लाइकोलिक या लैक्टिक एसिड जैसे हल्के केमिकल एक्सफोलिएंट से एक्सफोलिएट करें. यह डेड स्किन सेल्स को हटाने और जलन पैदा किए बिना त्वचा को सॉफ्ट बनाने में मदद करता है.

## व्यंजन

# फ्रूट चाट

फ्रूट चाट एक हेल्दी और ताजगी से भरी रेसिपी है, जो सहरी और इफ्तारी के लिए एक बेहतरीन विकल्प है। इसमें ताजे फल होते हैं, जो शरीर को पोषण और ऊर्जा देते हैं। यह स्वादिष्ट और सेहतमंद भी है। आप इस चाट में अपनी पसंद के फल जोड़ सकते हैं जैसे



कि स्ट्रॉबेरी, आड़ू, या पाइनएप्पल। तो आइए, जानते हैं इसे बनाने की आसान रेसिपी: सामग्री:, 1 सेब (कटा हुआ) 1 केला (कटा हुआ) 1 संतर (कटा हुआ) 1 अनार (दाने निकालकर) 1 कटोरी अंगूर (कटे हुए) 1 खीरा (कटा हुआ) 1/2 अमरूद (कटा हुआ) 1/4 कटोरी पपीता (कटा हुआ) 1/4 कप दही (वैकल्पिक, अगर चाहें तो) 1 चम्मच नींबू का रस 1/2 चम्मच काला नमक 1/2 चम्मच भुना हुआ जीरा पाउडर 1 चुटकी काली मिर्च पाउडर 1 चम्मच शहद या पाउडर चीनी (स्वाद के अनुसार) थोड़ी सी ताजी पुदीने की पत्तियाँ. विधी: फलों को काटें: सबसे पहले, सभी फलों को अच्छे से धोकर छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। आप अपने पसंदीदा फल का भी चुनाव कर सकते हैं। मसाले तैयार करें: एक छोटी कटोरी में काला नमक, भुना हुआ जीरा पाउडर, काली मिर्च पाउडर और नींबू का रस डालें। इन सबको अच्छे से मिला लें। आप शहद या चीनी भी इसमें डाल सकते हैं, अगर आप थोड़ी मिठास चाहते हैं। अब कटे हुए फलों को एक बड़ी कटोरी में डालें। फिर तैयार किए हुए मसाले को फलों पर डालें।सभी फलों और मसालों को अच्छे से मिलाकर, हल्का सा मिक्स करें ताकि मसाले हर फल में समा जाएं। दही डालें (वैकल्पिक): अगर आप चाहें तो एक चम्मच दही डाल सकते हैं, जिससे फ्रूट चाट में क्रीमीनेस आ जाएगी।अंत में ताजगी देने के लिए ताजे पुदीने की पत्तियाँ डालें और हल्का सा मिक्स करें। अब आपकी ताजगी से भरी फ्रूट चाट तैयार है। इसे सर्विंग बाउल में निकालकर सर्व करें। मसालेदार स्वाद के लिए चाट मसाला भी डाल सकते हैं। दही डालने से फ्रूट चाट और भी स्वादिष्ट और क्रीमी बनती है, लेकिन यह वैकल्पिक है। यह फ्रूट चाट न सिर्फ स्वादिष्ट है, बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद है। इसे आप सहरी, इफ्तारी या किसी भी समय अपने परिवार के साथ आनंद ले सकते हैं!

# रोजे के दौरान खुद को एनर्जेटिक रखने के टिप्स

रमजान का महीना इस्लामिक कैलेंडर का सबसे पाक महीना है, जिसे पूरी दुनिया में बड़ी श्रद्धा और समर्पण के साथ मनाया जाता है। इस महीने में रोजेदार पूरे दिन बिना पानी के रोजे रखते हैं और अधिकतर समय इबादत में बिताते हैं। 2025 में रमजान 2 मार्च से शुरू हो रहा है, और इस दौरान रोजे रखने वाले लोग अक्सर पूरे दिन की थकान और प्यास महसूस करते हैं। हालांकि, अगर आप इन टिप्स को ध्यान में रखते हुए अपने रोजे का पालन करेंगे, तो आप पूरे दिन एनर्जेटिक और हेल्दी महसूस करेंगे।

**सुबह सहरी में नारियल पानी पिएं:** रोजे के दौरान हाइड्रेशन बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि पूरे दिन पानी का सेवन नहीं किया जा सकता। इसलिए सहरी में नारियल पानी को शामिल करें। नारियल पानी शरीर को ठंडक और हाइड्रेशन प्रदान करता है, जिससे पूरे दिन प्यास कम लगेगी। साथ ही, यह शरीर को ऊर्जा देने का भी काम करता है। सहरी के दौरान नारियल पानी पीने से पूरे दिन ऊर्जा बनी रहती है और आप थकावट महसूस नहीं करते।

**प्रोटीन और फाइबर से भरपूर आहार लें:** रोजे के दौरान ऊर्जा का स्तर बनाए रखने के लिए सहरी में प्रोटीन और फाइबर से भरपूर आहार लेना बहुत महत्वपूर्ण है। इसके लिए आप दाल का शोरबा, सब्जियों का सूप, हरी सब्जियों के साथ नमकीन ओट्स, दही, भीगे हुए नट्स, बादाम, अखरोट, पीनट आदि का सेवन कर सकते हैं। ये सभी चीजें आपके शरीर को आवश्यक पोषण देती हैं और पूरे दिन ऊर्जा का स्तर बनाए रखने में मदद करती हैं।

**तली हुई और मसालेदार चीजों से बचें:** सहरी के दौरान तली हुई और मसालेदार चीजों का सेवन करने से बचें। इनसे एसिडिटी और प्यास बढ़ सकती है, जिससे आप पूरे दिन असहज महसूस कर सकते हैं। ज्यादा नमक का सेवन भी रोजे के दौरान दिक्कतें




उत्पन्न कर सकता है। इसलिए, सहरी में हल्का और सादा आहार लें, जो आपका पेट आराम से हजम कर सके और प्यास कम लगे।

**नींद का ध्यान रखें:** रमजान के दौरान इबादत और अन्य तैयारियों की वजह से शेड्यूल काफी बिजी रहता है, लेकिन इसके बावजूद नींद को प्राथमिकता देना बहुत जरूरी है। पूरी नींद न मिलने से आप पूरे दिन सुस्त महसूस कर सकते हैं। इसलिए सहरी के बाद थोड़ी देर की झपकी लें और अगर समय मिले तो इबादत के बीच में भी आराम करें। इससे आपके शरीर को रिचार्ज होने का मौका मिलेगा और आप एनर्जेटिक महसूस करेंगे।

**सहरी के बाद हल्की सैर करें:** रोजे के दौरान शरीर को ताजगी की जरूरत होती है, ताकि दिनभर की इबादत और काम करने के दौरान आपको थकावट न हो। सहरी के बाद थोड़ी देर की सैर करें, इससे शरीर में रक्त संचार बढ़ेगा और आप अधिक तरोताजा महसूस करेंगे। हल्की सैर से मांसपेशियां भी ढीली होती हैं और आप दिनभर चुस्त रहेंगे।

**वजन और शारीरिक गतिविधियों का ध्यान रखें:** रमजान के दौरान हैवी वर्कआउट करने से बचें, क्योंकि शरीर को पानी की कमी और कम कैलोरी के साथ ज्यादा शारीरिक मेहनत करने में मुश्किल हो सकती है। हालांकि, आप हल्की-फुल्की वॉक या योगा जैसी गतिविधियां कर सकते हैं, जो आपकी सेहत को बनाए रखने के लिए फायदेमंद होंगी। भारी शारीरिक श्रम से बचें और शरीर को आराम दें ताकि आप पूरे महीने आसानी से रोजे रख सकें।




अमेज़न जंगल, यूनानी पौराणिक कथाओं के आधार पर इस जंगल का नाम ऐमज़न रखा गया. 17वीं सदी में इस जंगल में सिनकोना पेड़ की खोज हुई थी. इसकी छाल से बनी दवा कुनैन मलेरिया के इलाज में काम आती है. इस जंगल में ब्राज़ील अखरोट का पेड़ भी मिला था. इस जंगल में रबड़ के पेड़ पाए जाते हैं. इस जंगल में कई खतरनाक जानवर पाए जाते हैं, जैसे कि एनाकोंडा, पिराहना मछली, और कई तरह की चींटियां और मकड़ियां. इस जंगल में कई आदिम जनजातियां रहती हैं. इस जंगल में आग लगने की घटनाएं होती रहती हैं. इस जंगल में बड़े पैमाने पर वनों की कटाई हो रही है. इस जंगल में मौजूद कई पेड़-पौधों के औषधीय गुणों की खोज होना बाकी है. इस जंगल में मौजूद कई जानवरों के बारे में वैज्ञानिकों को अभी पता नहीं है.


# शिव मधुकल्प और मधुसूदन डी-एक्स कैप



आयुर्वेद एक वरदानकारी शास्त्र है। इसमें वर्णित दवाएँ अमृततुल्य है। जो कि बिना किसी दुष्परिणामों से रोगी को स्वस्थ कराती है। शिव शंकर आयुर्वेद एजन्सी द्वारा निर्मित एवं वितरित शिव मधुकल्प सिरप और "मधुसुदन डी-एक्स कैप्सूल" एक ऐसी आयुर्वेदिय औषधि है जो कि मधुमेह में बढ़ी हुयी रक्तशर्करा को काफी हद तक नॉर्मल शुगर लेवल अर्थात फास्टिंग 80, पोस्ट्मील ब्लड शुगर 110-140 तक होने में शीघ्र मदत करता है. तथा दुष्परिणामों को भी रोकता है. सुबह शाम खाने के बाद यदि साथ में दिया जाये तो एक से दो महीने के अंदर उनकी ब्लड शुगर नार्मल शुगर में बदल सकती है. जिन लोगों को इंसुलिन या एलोपैथी मेडिसिन डायबिटीज के लिए शुरू है वह लोग भी अपनी एलोपैथिक मेडिसिन आयुर्वेदिक दवाओं की मदत से इन रोगों से छुटकारा पा सकते है। और साइड इफेक्ट्स से बच सकते है। इन आयुर्वेदिक दवाओं कि अच्छे रिजल्ट्स कई वर्षों से मधुमेह के पेशंटस में देखे गए है। तथापि इच्छुक पीडित रुग्ण इस प्रभावी औषधी का यथोचित लाभ उठाने के लिए अनुभवी चिकित्सक की सलाह प्राप्त कर इस दवा को अपनाए एवं मधुमेह से छुटकारा पाए.




शिवशंकर आयुर्वेद एजन्सी

सीताबर्डी स्तिथ शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में इन दूरध्वनी क्रमांको पर संपर्क स्थापित करें 9112079000/8605245080.


नागपुर मेट्रो समाचार : फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

CMYK

# रणजी ट्रॉफी फाइनलः विदर्भ जीत से येक कदम दूर।

## मैच में परिणाम नहीं निकलने पर विदर्भ की जीत निश्चित

**नागपुरः**

वीसीए के जामठा स्टेडियम में खेले जा रहे पांच दिवसीय फाइनल के चौथे दिन केरल के खिलाफ दूसरी पारी में तीसरे विकेट के लिए करुण नायर और दानिश मालेवार के बीच शानदार 182 रनों की साझेदारी की बदौलत विदर्भ ने रणजी ट्रॉफी पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली है।चौथे दिन खेल समाप्त होने तक विदर्भ ने अपनी दूसरी पारी में 249/4 रन बनाए थे और अंतिम दिन का खेल शेष रहते हुए 286 रनों की कुल बढ़त हासिल कर ली थी। अगर विदर्भ जीत दर्ज करने में विफल भी हो जाता है, तो भी उसे पहली पारी में 37 रनों की बढ़त के आधार पर रणजी चैंपियन घोषित किया जाएगा। यह विदर्भ की तीसरी रणजी ट्रॉफी जीत होगी, पिछले साल वे फाइनल में मुंबई से हार गए थे।





तीसरे दिन केरल को 342 रनों पर आउट करने के बाद पहली पारी में मामूली बढ़त हासिल करने के बाद, विदर्भ ने चौथे दिन सुबह के सत्र में अपने दूसरे प्रयास की बेहद खराब शुरुआत की। उन्होंने अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों पार्थ रेखाड़े (1) और ध्रुव शौरी (5) को केवल 7 रन पर खो दिया। केरल के गेंदबाजों ने खून की खुशबू महसूस की और जोश के साथ हमला किया, लेकिन दानिश मालेवार और करुण नायर, जिन्होंने पहली पारी में 215 रनों की विशाल साझेदारी करके विदर्भ को 24/3 से बचाया था, एक बार फिर डटे रहे। उन्होंने अपना समय लिया और केरल के स्पिनरों के खिलाफ कुछ ठोस बचाव के साथ ड्रेसिंग रूम में घबराहट को कम किया। विदर्भ की जोड़ी ने थोड़ी किस्मत का भी आनंद लिया, जिसमें मालेवार ने दो बार डीआरएस कॉल का लाभ उठाया और नायर को ईडन एप्पल टॉम की गेंद पर अक्षय चंद्रन ने आउट कर दिया, जब वह 31 रन पर थे। उस समय विदर्भ का स्कोर 55/2 था। नायर और मालेवार नायर ने रणजी ट्रॉफी में इस सत्र का अपना चौथा शतक 185 गेंदों पर सात चौकों और दो छक्कों की मदद से बनाया। यह नायर का नौवां शतक था, जिसमें से पांच शतक उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी (वन-डे प्रारूप) में लगाए थे। नायर ने नौ उंगलियां उठाकर जश्न मनाया। मालेवार मैच का अपना दूसरा शतक बनाने से चूक गए, जब उन्हें चंद्रन ने 162 गेंदों पर पांच चौकों की मदद से 73 रन पर आउट कर दिया। उनकी साझेदारी ने केरल की उम्मीदों पर पानी फेर दिया और विदर्भ को बढ़त दिला दी। यश राठौड़ और नायर ने 49 रन जोड़े, लेकिन यश राठौड़ 24 रन बनाकर आउट हो गए। इस तरह राठौड़ रणजी ट्रॉफी में सत्र के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। उन्होंने 5 शतक और 3 अर्द्धशतकों की मदद से 53.33 की औसत से 960 रन बनाए। दिन का खेल समाप्त होने पर नायर अपने कप्तान अक्षय वाडकर (4) के साथ 132 रन बनाकर खेल रहे थे, जिससे विदर्भ जीत की दहलीज पर पहुंच गया।

**संक्षिप्त स्कोरःअंतिम, खेल समाप्ति, दिन 4** वीसीए 'जामठा स्टेडियम, नागपुर

**टॉसः केरल, पहले गेंदबाजी का फैसला**

विदर्भ की पहली पारी 379 रन (डेनिश मालेवार 153, करुण नायर 86, यश ठाकुर 25, अक्षय वाडकर 23, नचिकेत भुटे 32; निधीश 3/61, ईडन एप्पल टॉम 3/102, बेसिल एनपी 2/60) केरल की पहली पारी 342 रन (आदित्य सरवटे 79, अहमद इमरान 37, सचिन बेबी 98, सलमान निज़ार 21, मोहम्मद अज़हरुद्दीन 34, जलज सक्सेना 28; दर्शन नालकंडे 3/52, पार्थ रेखाड़े 3/65, हर्ष दुबे 3/88) विदर्भ दूसरी पारी 249/4 (दानिश मालेवार 73, यश राठौड़ 24, करुण नायर 132 बल्लेबाजी) विदर्भ 286 रन से आगे

# चैंपियंस ट्रॉफी 2025: ऑस्ट्रेलिया को बड़ा झटका मैथ्यू शॉर्ट चोटिल



**लाहौर.** अफगानिस्तान के खिलाफ बारिश की वजह से मैच रद्द होने के बाद ऑस्ट्रेलिया की टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल में जगह बना ली है. लाहौर में हुए इस मुकाबले में मिली बड़ी खुशखबरी के साथ उसे करारा झटका भी लगा है. दरअसल, टीम के तूफानी बल्लेबाज और ओपनर मैथ्यू शॉर्ट चोटिल हो गए हैं. उनका सेमीफाइनल में खेलना नामुमकिन लग रहा है. इस बात की जानकारी खुद कप्तान स्टीव स्मिथ ने दी है. उन्होंने पोस्ट मैच प्रजेंटेशन के दौरान इंजरी का खुलासा करते हुए कहा कि शॉर्ट का रिकवर होना मुश्किल लग रहा है.

**दौड़ नहीं पा रहे शॉर्ट**

28 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान के बीच लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में मुकाबला खेला गया. कंगारू टीम को पहली पारी में फील्डिंग करने का मौका मिला था. इस पारी के अंत में मैथ्यू शॉर्ट को चोट लग गई. कप्तान स्टीव स्मिथ ने मैच के बाद बताया कि वो फिलहाल ठीक से दौड़ नहीं पा रहे हैं. स्मिथ ने कहा 'मुझे लगता है कि वो संघर्ष कर रहे हैं. हमने आज रात देखा कि वो ठीक से दौड़ नहीं पा रहे थे. मुझे लगता है कि मैचों के बीच उनका ठीक होना मुश्किल होगा. लेकिन हमारे पास कुछ खिलाड़ी हैं जो आकर उनकी कमी पूरी कर सकते हैं.' आईसीसी ने भी बताया है कि शॉर्ट चोटिल हो गए हैं और उनके पैर में दिक्कत है. बता दें मैथ्यू शॉर्ट पहली पारी में लगी चोट के बावजूद 274 रन के स्कोर को चेज करने के लिए वो मैदान में उतरे थे. घातक बल्लेबाजी के मशहूर शॉर्ट ने ट्रेविस हेड के साथ ओपनिंग की. इस दौरान उन्हें रन लेने में काफी परेशानी हो रही थी. इसलिए वो बाउंड्री लगाने की कोशिश कर रहे थे. उन्होंने हेड का साथ देते हुए 15 गेंद में 20 रन ठोके और पवेलियन लौट गए. उन्होंने पहले विकेट के लिए महज 4.3 ओवर में 44 रनों की साझेदारी की.


**कौन लेगा शॉर्ट की जगह?**

जेक फ्रेजर मैक्गार्क ऑस्ट्रेलियाई स्क्वॉड में मौजूद हैं. ऐसे में अगर शॉर्ट नहीं खेलते हैं तो ओपनिंग के लिए मैक्गार्क एक अच्छा विकल्प हो सकते हैं. हालांकि, इससे कंगारू टीम को स्पिन बॉलिंग का विकल्प नहीं मिलेगा, क्योंकि शॉर्ट की तरह मैक्गार्क गेंदबाजी नहीं करते हैं. रिपोर्ट के मुताबिक, यदि शॉर्ट को आधिकारिक तौर पर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया जाता है, तो बाएं हाथ के बल्लेबाज और लेफ्ट आर्म स्पिनर कूपर कोनोली को उनकी जगह टीम में शामिल किया जा सकता है. उन्हें फिलहाल ट्रेवलिंग रिजर्व के तौर पर रखा गया है.

## केविन पीटरसन को दिल्ली कैपिटल्स का मेंटोर नियुक्त किया


**नई दिल्ली.** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र से पहले बृहस्पतिवार को दिल्ली कैपिटल्स का मेंटोर (मार्गदर्शक) नियुक्त किया गया। इस 44 साल के पूर्व खिलाड़ी ने 2014 में दिल्ली की टीम की कप्तानी की थी। पीटरसन पहली बार आईपीएल में कोचिंग से जुड़ी किसी भूमिका में दिखेंगे। वह खिलाड़ी के तौर पर 2009 से 2016 तक इस लीग का हिस्सा रहे हैं। पीटरसन ने कहा '' मैं अपने घर दिल्ली आने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मेरे पास दिल्ली के साथ बिताए समय की सबसे अच्छी यादें हैं। मुझे शहर से प्यार है, मुझे प्रशंसकों से प्यार है और मैं 2025 में खिताब की हमारी तलाश में फ्रेंचाइजी का समर्थन करने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा।''

## वसीम अकरम ने बताए तीन सबसे खतरनाक बल्लेबाज जिनसे डरते थे



**लाहौर.** पाकिस्तान के पूर्व दिग्गज गेंदबाज वसीम अकरम ने ऐसे तीन बल्लेबाजों के नाम बताएं है, जिनके खिलाफ गेंदबाजी करने से डर लगता था.अपने करियर में वसीम अकरम ने कई महान बल्लेबाजों के खिलाफ गेंदबाजी की और उन्हें आउट करने में भी सफल रहे. वसीम अकरम को दुनिया का सबसे खतरनाक गेंदबाज माना जाता था. वसीम ने सचिन तेंदुलकर, रिकी पोंटिंग, जैक कैलिस जैसे बल्लेबाजों के खिलाफ गेंदबाजी की और उन्हें आउट करने में सफलता भी हासिस की. लेकिन अपने करियर के दौरान उन्होंने तीन ऐसे बल्लेबाजों का सामना किया था. जिनकी बल्लेबाजी से वो काफी परेशान हो जाया करते थे. वसीम अकरम ने सनथ जयसूर्या, एडम गिलक्रिस्ट और रोमेश कालूविथराना को सबसे विस्फोटक बल्लेबाज के तौर पर रैंक किया है उन्हें दुनिया का सबसे नायाब बल्लेबाज करार दिया है.

इन तीनों बल्लेबाजों के बारे में बात करते हुए अकरम ने कहा कि, "ये ऐसे बल्लेबाज थे तो अच्छी गेंदों को भी सीमा रेखा के बाहर भेजने में सक्षम थे. वो आपके अच्छी गेंद पर भी बाउंड्री मारते थे जिसके बाद आप यह सोचने लगते थे कि अब उन्हें कौन सी गेंद की जाए. जयसूर्या, गिलक्रिस्ट और कालूविथराना इसी तरह से बल्लेबाज थे.



## पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की तैयारियों पर सवाल

**>अफगानिस्तान को हुआ बड़ा नुकसान**

**लाहौर.** चैंपियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान के बीच 28 फरवरी को एक बेहद अहम मुकाबला होना था. लेकिन बारिश की वजह से पूरा मैच नहीं हुआ. ग्राउंड स्टाफ के प्रयासों के बावजूद लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम का मैदान सुखाया नहीं जा सका. इसलिए दूसरी पारी में महज 12.5 ओवर के खेल के बाद मैच को रोकना पड़ा. हालांकि, बाद में लेकिन बारिश थम गई थी, इसके बावजूद खेल को दोबारा शुरू नहीं किया जा सका और अंत में मजबूर होकर मैच को रद्द करना पड़ा. इससे कंगारू टीम ने आसानी से सेमीफाइनल में जगह बना ली. वहीं अफगानी टीम का भारी नुकसान हो गया. इसके बाद से पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड टूर्नामेंट की तैयारियों को लेकर फैंस के निशाने पर आ गया है. उसकी जमकर फजीहत हो रही है.

अफगानिस्तान और ऑस्ट्रेलिया का मैच रद्द होने के बाद एक वीडियो जमकर वायरल रहा है, जिसमें ग्राउंड के स्टाफ मैदान में जमे हुए पानी को वाइपर से सुखाने की कोशिश कर रहे हैं. आमतौर पर इस तरह के वाइपर घरों में इस्तेमाल किए जाते हैं. इस वीडियो के सामने आने के बाद से ही फैंस ने पीसीबी को ट्रोल करना शुरू कर दिया है. इतने बड़े टूर्नामेंट में इतनी खराब व्यवस्था से पाकिस्तान की मेजबानी पर भी सवाल उठने लगे हैं. वहीं कई फैंस ने खराब ड्रेनेज सिस्टम और मैदान सुखाने की नई टेक्नोलॉजी वाली कोई उपकरण नहीं का जमकर मजाक उड़ाया. उनका कहना था कि इसी वजह से अफगानिस्तान टूर्नामेंट से बाहर हुआ है.

## अजय जडेजा को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड का चेयरमैन बनने का मिला ऑफर

> जानें उनका रिएक्शन

**लाहौर.**

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में मेजबान पाकिस्तान शर्मनाक तरीके से बाहर हो चुका है. पाकिस्तानी टीम को पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ 60 रनों से करारी शिकस्त मिली थी. वहीं दूसरे मुकाबले में टीम इंडिया ने बुरी तरह हरा दिया. इसके बाद बांग्लादेश के खिलाफ आखिरी मैच बारिश की वजह से रद्द हो गया. इस तरह बिना कोई मैच जीते ही टूर्नामेंट में पाकिस्तान क्रिकेट टीम का सफर समाप्त हो गया. अब टीम में कई बड़े बदलाव की उम्मीद जताई जा रही है. इस बीच पूर्व भारतीय क्रिकेटर अजय जडेजा को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड का चेयरमैन बनने का ऑफर मिला है. आपको जानकर थोड़ी हैरानी होगी, लेकिन ये सच है. अब आइये जानते हैं, उन्हें ये ऑफर किसने दिया और इस पर उनका क्या रिएक्शन था?

**अजय जडेजा को ऐसे मिला ऑफर**



अजय जडेजा के जवाब से पहले ये जान लेते हैं कि ये ऑफर उन्हें कैसे मिला. दरअसल, जडेजा इन दिनों चैंपियंस ट्रॉफी के मुकाबलों की एनालिसिस के लिए डीपी वर्ल्ड के एक शो में नजर आ रहे हैं. इसी दौरान एक गजब का वाकया हुआ. एक फैन ने पूछा कि क्या कोई विदेशी चेहरा पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड का चेयरमैन बन सकता है? इस पर पाकिस्तानी दिग्गज वसीम अकरम ने सबसे पहले जवाब दिया. उनका मानना था कि ये एक ऐसा पद है, जिसकी तरफ सभी का बहुत ध्यान रहता है. हर रोज प्रेस कॉन्फ्रेंस करने पड़ते हैं. उन्होंने कहा 'मुझे शक है कि चेयरमैन की भूमिका के लिए बोर्ड किसी विदेशी नाम के बारे में सोचेगा.' इसके तुरंत बाद दिग्गज पाकिस्तानी गेंदबाज वकार यूनुस अजय जडेजा की ओर उंगली उठाकर इशारा करते हैं. वो उन्हें इस रोल का ऑफर देते हैं. यानि इससे ये तो साफ है जडेजा को आधिकारिक तौर पर ये ऑफर नहीं मिला है. ये महज एक चर्चा का विषय था. अब जान लेते हैं कि उन्होंने इस पर क्या कहा?

**जडेजा ने ऑफर पर दिया ये जवाब**

अजय जडेजा ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन बनने के ऑफर पर ऐसा जवाब दिया कि सभी हंस पड़े. उन्होंने कहा 'वसीम भाई के बच्चे हैं, मेरे भी हैं.' उन्होंने आगे कहा, 'नौकरी के दो पहलू हैं, प्रशासनिक और खेल. इन्हें अलग किया जा सकता है. फैंस और जनता को इस बात में कोई दिलचस्पी नहीं है कि बोर्ड ने कितना प्रोफिट कमाया, कितने स्टेडियम बनाए गए. फैंस और आने वाले खिलाड़ी बस यह जानने चाहते हैं कि उनका क्रिकेट कैसे विकास करेगा.'

## इंग्लैंड की सेमीफाइनल से बाहर होने के बाद बटलर का बड़ा फैसला

**नई दिल्ली.**

चैंपियंस ट्रॉफी में खराब परफॉर्मेंस के बाद इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने बड़ा फैसला किया और व्हाइट बॉल क्रिकेट की कप्तानी से इस्तीफा दे दिया. बता दें कि वनडे वर्ल्ड कप 2023 में भी इंग्लैंड की टीम पहले ही दौर से बाहर हो गई थी. वहीं, अब चैंपियंस ट्रॉफी में भी इंग्लैंड सेमीफाइनल में जगह नहीं बना पाई. चैंपियंस ट्रॉफी में इंग्लैंड को अफगानिस्तान के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा जिसके तहत टीम को सेमीफाइनल की रेस से बाहर होने पड़ा. सेमीफाइनल की रेस से बाहर होने के बाद जोस बटलर ने कप्तानी पद से खुद को अलग कर लिया.



जिसके बाद अब सवाल खड़े होने लगे हैं कि आखिर में अब इंग्लैंड का अगला व्हाइट बॉल क्रिकेट का कप्तान कौन होगा, इस सवाल पर टीम के कोच बैंडन मैक्कुलम ने जवाब दिया है. स्काई क्रिकेट से बात करते हुए इंग्लैंड कोच ने व्हाइट बॉल क्रिकेट के अगले कप्तान को लेकर अपनी राय दी है.

कोच मैक्कुलम ने कहा, " टीम में काफी खिलाड़ी हैं जो अच्छे कप्तान साबित हो सकते हैं. जोस एक बेहतरीन कप्तान रहे, इस टीम में कई लीडर मौजूद हैं जो आगे कप्तानी कर सकते हैं. जरूरी नहीं कि वे अनुभवी खिलाड़ी हों, लेकिन वे युवा खिलाड़ी हैं जिन्हें क्रिकेट का अच्छा ज्ञान है और उन्हें सीखने और जोस ने लीडर के रूप में विकसित होने के लिए प्रोत्साहित किया है. हम जिस किसी को भी चुनें, हमें बस यह सुनिश्चित करना है कि हम उन्हें सही समर्थन दे रहे हैं ताकि हम अपने प्रदर्शन में सुधार कर सकें." वैसे, अब उम्मीद की जा रही है कि हैरी ब्रूक को इंग्लैंड का अगला कप्तान बनाया जा सकता है. लेकिन कोच मैक्कुलम ने अभी उस खिलाड़ी के बारे में खुलकर नहीं ऐलान किया है.

बता दें कि इंग्लैंड के व्हाइट बॉल क्रिकेट के लिए अगले कप्तान की दावेदारी में हैरी ब्रूक. फिल साल्ट या लियाम लिविंगस्टोन, बेन डकेट, सैम करन, जो रूट जैसे दिग्गज शामिल हैं. देखना दिलचल्प होगा कि इंग्लैंड का अगला कप्तान कौन बनेगा.

## चैंपियंस ट्रॉफी 2025: श्रेयस अय्यर की दिल छूने वाली प्रैक्टिस



**दुबई.** भारतीय क्रिकेट टीम फिलहाल दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी खेल रही है. टीम इंडिया ने अभी तक ग्रुप स्टेज में दो मैच खेले हैं और दोनों मुकाबलों में बाजी मारी है. अब ग्रुप स्टेज के आखिरी मैच में उसका सामना न्यूजीलैंड से होगा. दोनों टीमों के बीच ये मैच 2 मार्च को दुबई के दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा. इस मैच के लिए टीम इंडिया के खिलाड़ी जमकर तैयारी करते हुए नजर आए. दुबई में प्रैक्टिस सेशन के दौरान टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने ऐसा कुछ किया, जिससे उन्होंने हर किसी का दिल जीत लिया.

दरअसल, श्रेयस अय्यर ने आईसीसी क्रिकेट एकेडमी में प्रैक्टिस सेशन के दौरान नेट गेंदबाज जसकिरण सिंह का दिन खास बना दिया. श्रेयस अय्यर ने उन्हें एक जोड़ी जूते गिफ्ट किए, जिससे जसकिरण का दिल खुश हो गया. बता दें, जसकिरण ने पाकिस्तान और बांग्लादेश के बल्लेबाजों को नेट प्रैक्टिस के दौरान गेंदबाजी की. लेकिन भारतीय टीम के नेट सेशन के लिए नहीं चुने जाने पर वह निराश थे. क्योंकि भारतीय टीम की प्रैक्टिस के लिए कई ऑफ स्पिनर पहले ही से थे. लेकिन श्रेयस अय्यर ने इस गिफ्ट से जसकिरण सिंह की सारी निराशा दूर कर दी.

**चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं जसकिरण**

बता दें, नेट गेंदबाज जसकिरण सिंह पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं. उन्होंने बताया कि जसकिरण लांगऑफ पर फील्डिंग कर रहे थे जब अय्यर ने उनके पास जाकर कहा, 'पाजी क्या हाल चाल, सब बढिया.' जसकिरण ने पीटीआई से कहा, 'श्रेयस भाई मेरे पास आए और पूछा कि तुम्हारे जूते का साइज क्या है. मैने कहा कि दस तो उन्होंने कहा कि मेरे पास तुम्हारे लिए कुछ है और उन्होंने मुझे ये जूते दिए. मेरे लिए यह बहुत मायने रखता है.' जसकिरण ने आगे कहा, 'मैं चैंपियंस ट्रॉफी के लिए आईसीसी नेट गेंदबाजी टीम का हिस्सा हूं. ये मेरे जीवन का खास पल था जब श्रेयस अय्यर ने मुझे यह जूते दिए. मैने इस टूर्नामेंट में भारत के लिए फील्डिंग की लेकिन गेंदबाजी का मौका मिलने का इंतजार कर रहा था. मैने पाकिस्तान और बांग्लादेश को गेंदबाजी की जो बहुत अच्छा अनुभव रहा.' जसकिरण ने कहा कि वह ऋषभ पंत को गेंदबाजी करना चाहते हैं. उन्होंने कहा,'टीम इंडिया का हर बल्लेबाज खास है लेकिन मुझे ऋषभ पंत पसंद है क्योंकि वह बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं और उन्हें गेंदबाजी करना रोचक होगा.'

# चैंपियंस ट्रॉफी 2025: 25 साल बाद भारत और बड़ी टीम का ऐतिहासिक मुकाबला

**दुबई.**

चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत 1998 में हुई थी. लेकिन इस टूर्नामेंट में पिछले 25 साल से भारत ने एक बड़ी टीम के खिलाफ कोई मुकाबला नहीं खेला है. इस बार क्रिकेट फैंस को इन दोनों टीमों के बीच मैच देखने को मिलेगा, जो दुबई में होगा.चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में क्रिकेट फैंस को एक से बढ़कर एक मुकाबले देखने को मिल रहे हैं. ये टूर्नामेंट 8 टीमों के बीच खेला जा रहा है. बता दें, इसका आयोजन हर 4 साल में एक बार होता था. लेकिन इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम पिछले 25 साल से एक बड़ी टीम के खिलाफ मुकाबला नहीं खेल सकी है. हालांकि, इस बार ये दोनों टीमें आमने-सामने होंगी. यह मुकाबला न केवल क्रिकेट प्रेमियों के लिए खास होगा, बल्कि दोनों टीमों के लिए भी ऐतिहासिक और यादगार पल साबित होगा.



**चैंपियंस ट्रॉफी में 25 साल बाद भिड़ेंगी ये टीमें**

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में टीम इंडिया का प्रदर्शन अभी तक काफी शानदार रहा है. ग्रुप स्टेज में वह अपने शुरुआती दो मैच जीतकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुकी है. टीम इंडिया ने अपने पहले मैच में बांग्लादेश को हराया था और फिर पाकिस्तान की टीम को धूल चटाई थी. अब वह अपना आखिरी ग्रुप स्टेज मैच न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलेगी. बता दें, चैंपियंस ट्रॉफी में भारत और न्यूजीलैंड की टीमों का 25 साल बाद आमना-सामना होगा. इन दोनों टीमों के बीच इस टूर्नामेंट में अभी तक 1 ही मैच देखने को मिला है. ये मैच साल 2000 में खेला गया था.

भारत और न्यूजीलैंड की टीमों के बीच चैंपियंस ट्रॉफी में इकलौता मैच साल 2000 में खेला गया था. तब दोनों टीमों का आमना-सामना टूर्नामेंट के फाइनल मैच में हुआ था. उस मुकाबले में टीम इंडिया ने पहली बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 264 रन बनाए थे. वहीं, न्यूजीलैंड ने दो गेंद रहते 6 विकेट खोकर इस टारगेट को हासिल कर दिया था और कीवी टीम चैंपियन बनी थी. इसके बाद ये ही दोनों टीमों के बीच इस टूर्नामेंट में कोई मैच नहीं खेला गया है. हालांकि अब 25 साल के बाद ये दोनों टीमें दुबई में भिड़ने को तैयार हैं. ये मैच 2 मार्च को खेला जाएगा.

**टीम इंडिया का पलड़ा भारी**

बता दें, भारत और न्यूजीलैंड की टीमों के बीच अभी तक 118 वनडे मैच खेले गए हैं. इस दौरान टीम इंडिया ने 60 मुकाबलों में बाजी मारी है. वहीं, न्यूजीलैंड 50 मैच जीतने में ही कामयाब रहा है. दूसरी ओर दोनों टीमों के बीच खेले गए पिछले 5 वनडे मैचों में भारतीय टीम ने ही जीत हासिल की है. यानी कहीं ना कहीं इस मैच में भी टीम इंडिया का पलड़ा भारी रहने वाला है.



# सलमान खान नजर आएंगे ब्लॉकबस्टर 'सिकंदर' में!

सलमान खान और ए.आर. मुरुगादॉस की फिल्म सिकंदर इस ईद पर धमाका करने के लिए तैयार है! ये सिर्फ एक एक्शन फिल्म नहीं होगी, बल्कि इसमें जबरदस्त कहानी, इमोशन और ड्रामा का भी भरपूर तड़का होगा। ए.आर. मुरुगादॉस अपने स्टाइलिश नैरेशन और दमदार कंटेंट के लिए जाने जाते हैं, और सलमान खान का स्टारडम तो किसी से छुपा नहीं है। ऐसे में सिकंदर एक विजुअल ट्रीट होने वाली है, जिसमें इमोशंस भी होंगे और हाई-ऑक्टेन एक्शन भी। गजनी जैसी ब्लॉकबस्टर देने के बाद, ए.आर. मुरुगादॉस एक बार फिर जबरदस्त एक्शन के साथ लौट रहे हैं सिकंदर में। उनकी खासियत रही है दमदार कहानियां गढ़ना और उन्हें हाई-ऑक्टेन एक्शन के साथ पेश करना। यही वजह है कि वो इंडस्ट्री के सबसे बेहतरीन फिल्ममेकर्स में से एक माने जाते हैं। मुरुगादॉस की फिल्में हमेशा अपनी इंटेंस स्टोरीटेलिंग और नएपन के लिए जानी जाती हैं। सिकंदर में भी वो अपनी खास स्टाइल में कहानी को पेश कर रहे हैं, जो सलमान खान के मैस अपील को एक नए लेवल पर ले जाएगी। उनके फैंस के लिए ये फिल्म सिर्फ एक्शन नहीं, बल्कि एक बेहतरीन सिनेमैटिक एक्सपीरियंस होने वाली है। सलमान खान का किरदार दर्शकों के दिलों को छूने वाला है-एक ऐसा इंसान जो जमीन से जुड़ा हुआ है, जिससे लोग खुद को जोड़ सकें, और जो भावनात्मक गहराई भी रखता है। सिकंदर सिर्फ एक्शन का धमाका नहीं, बल्कि एक संपूर्ण कहानी कहने की कला का बेहतरीन उदाहरण है, जहां हर इमोशन को उतनी ही शिद्दत से महसूस किया जाएगा जितना कि इसके जबरदस्त एक्शन को। सोशल मीडिया पर पहले ही सिकंदर को लेकर जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। नेटिज़न्स सलमान खान की दमदार मौजूदगी और ए.आर. मुरुगदॉस की बेहतरीन डायरेक्शन की जमकर तारीफ कर रहे हैं। टीज़र रिलीज़ के साथ ही फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट और भी बढ़ गई है। फैंस ने इसके भव्य विजुअल्स और धमाकेदार एक्शन सीक्वेंस की जमकर सराहना की है, जिससे साफ है कि सिकंदर ईद पर सिनेमाघरों में जबरदस्त धमाल मचाने के लिए तैयार है। गजनी, हॉलिडे और थुप्पक्की जैसी आइकॉनिक फिल्में देने वाले ए.आर. मुरुगदॉस एक बार फिर इतिहास रचने के लिए तैयार हैं, इस बार सलमान खान के साथ। गजनी बॉलीवुड की पहली फिल्म थी जिसने 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर इंडस्ट्री में नया बेंचमार्क सेट किया था। अब सिकंदर के साथ, मुरुगदॉस और सलमान की जोड़ी भारतीय सिनेमा में एक और माइलस्टोन हासिल करने के लिए पूरी तरह तैयार है। साजिद नाडियाडवाला के प्रोडक्शन में बनी सिकंदर दो दिग्गजों सलमान खान की दमदार स्क्रीन प्रेजेंस और ए.आर. मुरुगदॉस की बेमिसाल कहानी कहने की कला को एक साथ लाने जा रही है। जबरदस्त एक्शन, भव्यता और बड़े पैमाने पर बनाई गई इस फिल्म को 2025 की मच अवेटेड फिल्मों में से एक माना जा रहा है।

# भूमि पेडनेकर ने एक्टर को उतारा स्टेज ने नीचे

मेरे हसबैंड की बीवी.. फिल्म जब से रिलीज हुई है लोग काफी पसंद कर रहे हैं। इस फिल्म में अर्जुन कपूर, रकुल प्रीत सिंह और भूमि पेडनेकर लीड रोल में हैं। लेकिन स्टैंडअप कमेडियन हर्ष गुजराल को लेकर भी काफी चर्चा है। अब कुछ ऐसा सामने आया है कि भूमि पेडनेकर को बुरी तरह से ट्रोल किया जा रहा है। जी हां, भूमि पेडनेकर ने स्टेज पर इस फिल्म के एक एक्टर की बेज्जती कर दी? जी हां, इसको लेकर चर्चा है और भूमि पेडनेकर को बुरी तरह से ट्रोल किया जा रहा है। जी हां, वायरल हो रहे इस वीडियो में अर्जुन कपूर और भूमि पेडनेकर फिल्म मेरे हसबैंड की दुल्हन का प्रमोशन करते दिख रहे हैं। इस दौरान फिल्म का गाना गोरी हैं कलाइयां बजना शुरु हो जाता है और दोनों को डांस करने लगते है। साफ नजर आ रहा है कि हर्ष गुजराल को इस गाने के स्टेप नहीं पता हैं। भूमि पेडनेकर उनसे इशारा करते हुए स्टेज छोड़कर नीचे उतरने के लिए कहती हैं। हर्ष नर्वस हो जाते हैं स्टेज छोड़कर चले जाते हैं। जैसे ही ये वीडियो सामने आया लोगों को वीडियो पसंद नहीं आ रहा है। किसी का मानना है कि भूमि ने गलत किया है और किसी का कहना है कि उसको आता नहीं था इसलिए उतारा। हर्ष गुजराल को स्टेज के नीचे उतारने पर एक ने लिखा, ''दोनों सुपर डुपर फ्लॉप हैं फिर भी देखो हरकतें।'' एक ने लिखा, ''हां भी जीरो एक्सप्रेशन कभी तो शर्म आएगी तुझे..।'' एक ने लिखा, ''पिट गई ना फिल्म।'' एक ने लिखा, ''ऐसी फिल्म अभी भी बंद नहीं हुई है।'' एक ने लिखा, ''इसको हीरो किसने बनाया।'' इस तरह से लोग लगातार कमेंट्स कर रहे हैं। फिलहाल आप देखिए ये वीडियो जो कि वायरल हो रहा है..






# आलिया ने स्किप की इंस्टाग्राम तस्वीर

आलिया भट्ट इंडस्ट्री में काफी कम समय में ज्यादा नाम कमा चुकी हैं. उन्होंने कई सुपरहिट फिल्में भी दी हैं. प्रोफेशनल लाइफ को लेकर वो अक्सर ही चर्चा में रहती हैं, लेकिन पर्सनल लाइफ भी उनके फैन्स के लिए काफी इंटरेस्टिंग टॉपिक है. आलिया के साथ ही साथ उनकी बेटी राहा भी लोगों के बीच काफी फेमस हो चुकी हैं. हालांकि, बाकी स्टार्स की तरह आलिया ने लोगों से अपनी बेटी की तस्वीर छुपाई नहीं थी.

लेकिन हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से राहा की सारी तस्वीरें डिलीट कर दी है. रातों-रात आलिया के ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से राहा की वो सारी तस्वीरें हटा दी गई हैं, जिसमें उसका चेहरा दिखता है. हालांकि, इसकी वजह अभी तक आलिया ने नहीं बताई है. लेकिन कुछ वक्त पहले नीतू कपूर ने भी पैपराजी को राहा की फोटो क्लिक करने के लिए मना किया था.

# प्रियंका चोपड़ा परिणीति चोपड़ा एक ही बॉलीवुड में फिल्म में काम कर करेंगे



बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा जल्द ही बॉलीवुड में धमाका करने वाली हैं. कुछ समय पहले ही खबर आई थी कि प्रियंका चोपड़ा राजमौली की अगली फिल्म में धमाल मचाने वाली हैं. इस खबर ने प्रियंका चोपड़ा के फैंस का दिल खुश कर दिया था. फैंस काफी समय से प्रियंका चोपड़ा के बॉलीवुड में लौटने की राह देख रहे हैं. इसी बीच प्रियंका चोपड़ा को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है. रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि प्रियंका चोपड़ा जल्द ही अपनी छोटी बहन परिणीति चोपड़ा के साथ स्क्रीन शेयर करने वाली हैं. कुछ समय पहले ही प्रियंका चोपड़ा की मां ने इस बारे में बात करके सनसनी मचा दी है. प्रियंका चोपड़ा की मां मधु चोपड़ा ने दावा किया है कि दोनों बहनें कभी भी साथ काम कर सकती हैं. हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में मधु चोपड़ा ने कहा, मेरे बच्चों का बॉलीवुड से कुछ तो कनेक्शन रहा है जिसकी वजह से परिवार कई सदस्य इंडस्ट्री में आ गए. अदाकारी के मामले में परिणीति चोपड़ा का कोई मुकाबला नहीं है. अब परिणीति चोपड़ा डायरेक्टर भी बन चुकी है. परिणीति चोपड़ा को पता है कि अपने किरदार में कैसे मोल्ड होना है. मैं ये बात अच्छे से जानती हूं कि लोग एक फिल्म चोपड़ा सिस्टर्स को साथ देखना चाहते हैं. मैं खुद यही उम्मीद कर रही हूं. अपने परिवार के माइंड सेट के बारे में बात करते हुए मधु चोपड़ा ने कहा, सालों पहले प्रियंका चोपड़ा ने परिवार का नाम रोशन किया था. प्रियंका चोपड़ा के हिट होने के बाद परिवार ने कभी भी घर की किसी लड़की को अपने सपने पूरे करने से नहीं रोका. हमारा पूरा परिवार घर की बेटियों को सपोर्ट करता है. प्रियंका चोपड़ा के आने के बाद सभी के लिए रास्ते बनते चले गए. प्रियंका चोपड़ा की तरह परिणीति और मनारा चोपड़ा को भी परिवार का पूरा सपोर्ट मिला है.



# 'आश्रम' की भोली-भाली 'पम्मी पहलवान

प्रकाश झा के डायरेक्शन में बनी बॉबी देओल स्टारर वेब सीरीज 'आश्रम' इन दिनों काफी चर्चा में है. हाल ही में इस वेब सीरीज के तीसरे सीजन का पार्ट 2 आया है, जो खूब धूम मचा रहा है. लेकिन हम आपको बॉबी देओल और इस सीरीज के बारे में नहीं बल्कि इसमें नजर आने वाली भोली-भाली पम्मी पहलवान के बारे में बताने जा रहे हैं, जो सीरीज में एक कमजोर परिवार से आती हैं. हालांकि रियल लाइफ में उनकी नेटवर्थ जानकर आप सभी हैरान हो जाएंगे. अदिति पोहनकर को असली शोहरत वेब सीरीज 'आश्रम' से मिली, जिसमें उन्होंने 'पम्मी पहलवान' का रोल निभाकर रातों-रात स्टारडम हासिल कर लिया और फैंस के दिलों में छा गईं. साल 2010 में अदिति पोहनकर ने एक्टिंग की शुरुआत फिल्म 'लव सेक्स और धोखा' से की थी, जो एक बोल्ड फिल्म थी. इसके बाद वो मराठी फिल्म 'कुनासथी कुनीतारी' में भी दिखीं, लेकिन तब ज्यादा चर्चा नहीं हुई. ओटीटी पर उनका पहला बड़ा ब्रेक 'शी' से मिला, जो नेटफ्लिक्स की सीरीज थी, इसमें उनका बोल्ड और दमदार किरदार देख फैंस हैरान रह गए थे. फिर आया 'आश्रम' जहां बॉबी देओल के साथ उनकी जोड़ी ने धमाल मचा दिया. पम्मी के किरदार में उनकी मासूमियत और ताकत ने हर किसी का दिल जीत लिया. 'आश्रम' में भोली-भाली लड़की का रोल करने वाली अदिति असल जिंदगी में ग्लैमरस और स्टाइलिश हैं, उनकी खूबसूरती और कातिलाना अंदाज सोशल मीडिया पर आग लगाते हैं. रिपोर्ट्स की मानें तो अदिति की नेटवर्थ आज 67 करोड़ रुपये के आसपास है, जो उनकी मेहनत और टैलेंट का सबूत है. वो कई बड़े स्टार्स को टक्कर देती हैं. 'आश्रम' की सक्सेस के बाद अदिति ने अपनी फीस भी बढ़ा दी है, कहा जाता है कि अब वो हर प्रोजेक्ट के लिए मोटी रकम चार्ज करती हैं और उनकी डिमांड भी बढ़ गई है. अदिति की लाइफस्टाइल अब किसी सुपरस्टार से कम नहीं, वो लग्जरी लाइफ जीती हैं और सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरों से फैंस को दीवाना बनाए रखती हैं.



# ज्योतिका ने की तमिल सिनेमा और निर्देशकों पर बात



ज्योतिका साउथ की फिल्मों के साथ बॉलीवुड की कई फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। एक्ट्रेस शानदार एक्टिंग के साथ अपने बेबाक अंदाज के लिए भी जानी जाती हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर खुलकर बात की थी। इस बीच अभिनेत्री ने डब्बा कार्टेल के प्रमोशन में बिजी चल रही हैं। ऐसे ही एक प्रमोशन के दौरान ज्योतिका ने तिमल सिनेमा में फीमेल आर्टिस्ट के घटते भागीदारी पर बात की है जिसको लेकर अब चर्चा तेज हो गई है। ज्योतिका ने मूल रूप से साउथ की फिल्मों से करियर की शुरुआत की थी। ये सच में साउथ में एक बड़ा सवाल है। जब मैं 28 साल की थी तब मेरे बच्चे हुए और उसके बाद मैंने बहुत अलग-अलग भूमिकाएं करना शुरू कर दिया। मुझे लगता है कि मैंने 28 साल की उम्र के बाद किसी स्टार या हीरो के साथ काम नहीं किया है। यह एक बड़ी चुनौती है क्योंकि तब आप अपना करियर बिल्कुल नए निर्देशकों के साथ, अपने दम पर बना रहे होते हैं। यह सब उम्र के कारक से जुड़ा हुआ है। यह और भी कठिन है क्योंकि तमिल फिल्म इंडस्ट्री में एक और बड़ी कमी है, मैं सभी साउथ की फिल्मों की बात नहीं कर रही हूं।' ज्योतिका साउथ की फिल्मों के साथ बॉलीवुड की कई फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। एक्ट्रेस शानदार एक्टिंग के साथ अपने बेबाक अंदाज के लिए भी जानी जाती हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर खुलकर बात की थी। इस बीच अभिनेत्री ने डब्बा कार्टेल के प्रमोशन में बिजी चल रही हैं। ऐसे ही एक प्रमोशन के दौरान ज्योतिका ने तिमल सिनेमा में फीमेल आर्टिस्ट के घटते भागीदारी पर बात की है जिसको लेकर अब चर्चा तेज हो गई है। ज्योतिका ने मूल रूप से साउथ की फिल्मों से करियर की शुरुआत की थी। ये सच में साउथ में एक बड़ा सवाल है। जब मैं 28 साल की थी तब मेरे बच्चे हुए और उसके बाद मैंने बहुत अलग-अलग भूमिकाएं करना शुरू कर दिया। मुझे लगता है कि मैंने 28 साल की उम्र के बाद किसी स्टार या हीरो के साथ काम नहीं किया है। यह एक बड़ी चुनौती है क्योंकि तब आप अपना करियर बिल्कुल नए निर्देशकों के साथ, अपने दम पर बना रहे होते हैं।

# 'घर की लड़की है सोनाक्षी...'

बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा ने पिछले साल जून 2024 में जहीर इकबाल के साथ शादी की थी। दूसरे धर्म में शादी को लेकर एक्ट्रेस काफी चर्चा में थीं। बात ये भी आई कि इस शादी से सिन्हा फैमिली खुश नहीं है। खबर थी कि सोनाक्षी के भाई शादी में शामिल नहीं हुए। अब हाल ही में एक इंटरव्यू में सोनाक्षी सिन्हा ने अपने परिवार, बचपन और भाइयों संग अपने रिश्ते पर खुलकर बात की है। सोनाक्षी सिन्हा ने कहा कि उनके भाई उनसे जलते हैं। सोनाक्षी के दो जुड़वां भाई हैं, लव और कुश। सोनाक्षी शत्रुघ्न सिन्हा और पूनम सिन्हा की सबसे छोटी बेटी हैं। इस वजह से बचपन में ही सोनाक्षी को उनके माता-पिता ने बहुत लाड़-प्यार मिला है। सोनाक्षी का कहना है कि ये सब देखते हुए उनके भाइयों को इस बात से उनसे जलन होती थी। सोनाक्षी के पेरेंट्स उनका काफी ज्यादा ध्यान रखते थे जोकि उनके भाईयों को पसंद नहीं था। सोनाक्षी ने भाई-बहन के बीच मतभेद के बारे में बात करते हुए कहा, 'मैं सबसे छोटी, घर की लड़की तो सबसे लाडली। तो भाईयों को जलन भी तो होती थी इसलिए मुझे मार भी पड़ती थी उनसे।'

सोनाक्षी ने आगे बताया कि जैसे हर भाई- बहन आपस में लड़ाई- झगड़ा करते हैं वैसे ही उनकी भी अपने भाईयों से लड़ाई होती रहती थी। वहीं सोनाक्षी की शादी में भी उनके भाई कुश





शामिल हुए थे जबकि लव कहीं गायब दिखे।

सोनाक्षी ने पिछले साल 23 जून को जहीर इकबाल से शादी की थी। उन्होंने एक सिविल मैरिज की थी जिसमें शत्रुघ्न सिन्हा और पूनम सिन्हा और घर-परिवार के कुछ करीबी मेहमानों ने हिस्सा लिया था। सोनाक्षी के भाई लव सिन्हा ने शादी में हिस्सा नहीं लिया था। लव ने एक क्रिप्टिक पोस्ट भी शेयर की थी जिससे संकेत मिल रहे थे कि उनके और सोनाक्षी के बीच सब कुछ ठीक नहीं है। हालांकि, सोनाक्षी ने कहा कि उन्हें ऐसा लगा कि सभी उनकी शादी का हिस्सा थे, क्योंकि वीडियो वायरल हो गए थे। लेकिन उन्होंने कमेंट सेक्शन ऑफ कर रखा था।